वर्ष- 22 अंक - 39 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

**न्यूज़ ब्रीफ...**



## एक ही बाइक पर ठुसे 4 पुलिसवाले

**पटना.एजेंसी।** बिहार से एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर लोग कह रहे हैं कानून का डंडा चलाने वाले पुलिस वाले खुद कानून क्यों तोड़ते हैं। इस वीडियो में एक ही मोटर साइकिल पर 4 पुलिसकर्मी नजर आ रहे हैं। इनमें से भी सिर्फ बाइक चलाने वाले ने ही हेलमेट पहनकर रखा है।

## पटरी से उतरी मालगाड़ी, कई ट्रेनें रद्द

**गाजियाबाद.एजेंसी।** गाजियाबाद-नई दिल्ली रेलखंड पर आज एक मालगाड़ी के छह लदे हुए डिब्बे पटरी से उतर जाने से रेल यातायात प्रभावित हो गया। हादसे के बाद उत्तर रेलवे ने कई ईएमयू और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया। कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द की गई, कुछ का मार्ग परिवर्तित किया गया। इस हादसे के कारण 53 ट्रेनें प्रभावित हुईं।



## मप्र में फिर शुरू हुआ बारिश का दौर

**मंगलवार.एजेंसी।** जुलाई महीने में मध्यप्रदेश में बारिश का दौर एक बार फिर शुरू हो गया। भोपाल, सीहोर, रायसेन, धार सहित कई इलाकों में रातभर बारिश हुई। इंदौर में भी आज सुबह से बूंदाबांदी हो रही है। उधर जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से दो दिन में 23 लोगों की मौत हो गई। असम में 1.5 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ में घिर गए।

## अब बिहार में कोरोना

**भागलपुर.एजेंसी।** आंध्र और महाराष्ट्र में कोरोना के मरीज सामने आने के बाद अब बिहार के भागलपुर में एक 65 साल के बुजुर्ग और उनकी 35 साल की बेटी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# इंदौर में बिजली अधिकारी के 9 ठिकानों पर छापा...

## करोड़ों की संपत्ति मिली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री शिवराम सेमिल के इंदौर, पीथमपुर, धार और मुरैना स्थित कुल नौ ठिकानों पर आज सुबह लोकायुक्त पुलिस ने एक साथ छापामार कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में सेमिल के पास वैध आय की तुलना में करोड़ों रुपये की अधिक संपत्ति होने के संकेत मिले हैं।**

लोकायुक्त पुलिस से छापे के बारे में मिली जानकारी के अनुसार शिवराम सेमिल ने अपने 33 वर्ष के



सेवाकाल में वैध आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की है। जांच के दौरान इंदौर की सिलिकॉन सिटी के प्लाट नंबर सी-44 पर करीब एक करोड़ बीस लाख रुपये लागत का तीन मंजिला आलीशान मकान मिला। वहीं पीथमपुर सेक्टर-3 में उनके पुत्र शुभम के नाम से शुभम इलेक्ट्रिकल नामक ट्रांसफार्मर निर्माण फैक्ट्री मिली, जिसकी अनुमानित लागत एक करोड़ पच्चीस लाख रुपये आंकी गई है।सेमिल के पुत्र, पुत्रवधू सहित अन्य रिश्तेदारों के



नाम पर भी कारोबार संचालित होने की जानकारी सामने आई है।

विस्तृत पेज 12 पर

# संसद मार्च में छात्रों से ज्यादा पहुंचे बाहरी चेहरे

## जोमैटो बॉय से लेकर ट्रक ड्राइवर तक शामिल जांच शुरू

नई दिल्ली ● एजेंसी

दिल्ली में नीट-2026 को लेकर हुए संसद मार्च के दौरान हुए बवाल में एक चौंकाने वाला मोड़ आ गया है। प्रदर्शन के दौरान सड़क पर उतरे लोगों में वास्तविक छात्रों से ज्यादा बाहरी चेहरे नज़र आए, जिनमें जोमैटो के डिलीवरी बॉय से लेकर ट्रक ड्राइवर और दिहाड़ी मजदूर तक शामिल थे। अब केंद्र और दिल्ली सरकार ने इस संदिग्ध भीड़ की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी और ड्रोन फुटेज खंगालकर यह पता लगाया जा रहा है कि क्या इन लोगों को किसी सोची-समझी साजिश के तहत दिल्ली बुलाया गया था। प्रदर्शन के दौरान पथराव, तोड़फोड़, हिंसा करने वालों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। पुलिस अब यह भी तलाश कर रही है कि क्या इस हिंसक प्रदर्शन के







### पाकिस्तानी कनेक्शन और विदेशी फंडिंग का भी शक

*उपद्रवियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, फिर जंतर-मंतर पहुंचे कॉकरोच अभिजीत दीपके ने कहा- आज भी संसद मार्च करेंगे*

पीछे पाकिस्तानी कनेक्शन और विदेशी फंडिंग भी शामिल है। पुलिस को पता चला है कि पाकिस्तान से संचालित होने वाले सोशल मीडिया अकाउंट से प्रदर्शन को लेकर गलत प्रचार किया गया। कॉकरोच पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके अमेरिका से आए हैं इसलिए यह भी शक है कि उन्हें विदेशी फंडिंग मिल रही है। अभिजीत दीपके और उनके साथ कई लोग फिर जंतर-मंतर पहुंच गए हैं। दीपके ने कहा कि आज भी संसद मार्च किया जाएगा। मार्च के दौरान किए गए पथराव से 118 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं और 70 से ज्यादा उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है।

# अब किसानों का दिल्ली कूच, शंभू बॉर्डर सील

चंडीगढ़ ● एजेंसी

किसानों की दिल्ली कूच के चलते एक बार फिर से पंजाब और हरियाणा का शंभू बॉर्डर पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। मंगलवार को किसानों की ओर से दिल्ली किसान घाट पर जाने का ऐलान किया गया है। ऐसे में हरियाणा के अंबाला पुलिस ने हाईवे को बंद कर दिया





है। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष संजू गुदियाना की अगुवाई में जिले के किसानों का एक जत्था दिल्ली के लिए रवाना हुआ। दर्जनों किसान विभिन्न वाहनों में सवार होकर दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां किसान घाट पर आयोजित महापंचायत में शामिल होने का कार्यक्रम है।

## निर्माणाधीन सुरंग में भूस्खलन 9 मजदूरों की मौत, 18 फंसे

**गंगटोक.एजेंसी।** सिक्किम के दक्षिणी जिले में निर्माणाधीन समारदुंग सुरंग के भीतर हुए भूस्खलन और उसके बाद मीथेन गैस रिसाव की घटना में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 के अब भी अंदर फंसे होने की आशंका है। सुरंग के भीतर अचानक लैंडस्लाइड हुआ, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया और कई मजदूर अंदर फंस गए। स्थिति तब और गंभीर हो गई, जब सुरंग के भीतर मीथेन गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे बचावकर्मियों के लिए अंदर प्रवेश करना बेहद जोखिम भरा हो गया।

# लाठी चार्ज और अश्रु गैस के गोले छोड़ने का विरोध दिखाई दिया

## टंट्या मामा चौराहा पर पेपर लीक मामले में प्रदर्शनकारी छात्रों में और जोश





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पेपर लीक मामले में दिल्ली में आन्दोलित छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और अश्रु गैस गोले छोड़ने का असर इंदौर के टंट्या मामा भील चौराहा पर चल रहे आन्दोलन में भी आक्रोश के रूप में नजर आया। छात्रों में और जोश विरोध का भरा हुआ दिखाई दे रहा है। कल भी दिल्ली में संसद घेरने का मुद्दा छाया रहा। इंदौर में बड़ी संख्या में छात्र भंवरकुआं रोड पर पहुंच रहे हैं और आन्दोलन में सहयोग कर रहे हैं। कई कांग्रेस नेता भी इन छात्रों को सहयोग करने पहुंच रहे हैं। जिनमें रजत पटेल, विक्रमसिंह सचान भी शामिल है। वहीं छात्र यह भी कह रहे हैं कि जिस तरह से लाठीचार्ज, अश्रु गैस के गोले छोड़े गए वह ठीक नहीं है। छात्रों ने कल यह भी कहा कि अगर समय रहते सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाया तो यह आन्दोलन पूरे देश में फैलेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। जंतर-मंतर की घटना और संसद घेराव के बाद छात्रों में और जोश दिखाई दे रहा है और छात्र बड़ी संख्या में प्रदर्शन स्थल पर पहुंच रहे हैं, जिससे कांग्रेसियों में भी उत्साह है। कांग्रेस नेता राहुल निहोरे भी साथियों के साथ पहुंचे। श्यामसुन्दर यादव, प्रमोद नामदेव भी आक्रोश जताते दिखे, वहीं जीतू दीवान, राहुल पटेल, लक्ष्मण परमार, सचिन सेन, आशुतोष मिश्रा, अंशुल लोहिया, गायत्री अवस्थी, नियाजउद्दीन अंसारी, डॉ. खलीकुर्रहमान, सफदर नकवी, शेख समीर, लालू पठान, विपिन शर्मा, सूर्यकांत यादव ने भी प्रदर्शन स्थल पहुंचकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया, उद्बोधन भी दिया।

# केन्द्रीय मंत्री के सामने रखा विकास का एजेंडा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर से मुलाकात कर इंदौर सहित अन्य नगरीय निकाय से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। सड़कों के लिए विशेष निधि से लेकर 74वें संविधान संशोधन तक के मुद्दे रखे गए। अर्बन चैलेंज फंड के प्रस्तावों की शीघ्र मंजूरी का आग्रह, देपालपुर के स्वच्छता मॉडल की बुकलेट भेंट, जन शहरी आजीविका कार्यक्रम को देशभर में लागू करने का सुझाव दिया गया। उल्लेखनीय है कि महापौर के पास राष्ट्रीय और प्रादेशिक निकाय से संबंधित दायित्व भी है। इसलिए महापौर ने परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्तावों का आधिकारिक पत्र सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान इंदौर के विकास, नगरीय निकायों की वित्तीय मजबूती, 74वें संविधान संशोधन के प्रभावी क्रियान्वयन, जन शहरी आजीविका कार्यक्रम तथा स्वच्छता मॉडल जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इंदौर के लिए स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2025-26 योजना के तहत सड़कों एवं अन्य आधारभूत अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए विशेष अनुदान राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं, जिनके समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार से शीघ्र वित्तीय स्वीकृति आवश्यक है। इसी के साथ उन्होंने अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत इंदौर नगर निगम द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को भी जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय मंत्री को औपचारिक पत्र भी सौंपा।

## सजपा पार्टी ने ड्रेनेज मुद्दे पर दिया ज्ञापन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नंदन नगर अल मदीना मस्जिद वाली गली में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन को हटाकर बीच सेंटर में नई लाइन डाले जाने के लिए समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर का प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा। झोन 16 वार्ड 3 स्थित नंदन नगर स्थित अल मदीना मस्जिद वाली गली में पिछले कई दिनों से समस्याओं को लेकर यह ज्ञापन सौंपा गया। महापौर सचिवालय और निगम आयुक्त कार्यालय, झोनल कार्यालय में भी यह ज्ञापन दिए गए। सैयद साजिद अली, लियाकत खान, हबीब खान, शेख बशीर ठेकेदार, अलानूर मंसूरी ठेकेदार सहित अन्य मौजूद थे।

# भाराछासं की जिम्मेदारी विक्रमसिंह सचान के पास

## वानखेडे और चौकसे के अलावा कई नेताओं ने दी बधाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने प्रदेश के 26 जिलों में अध्यक्षों की घोषणा की। इन्दौर जिला भारछासं अध्यक्ष के लिए इंजीनियर विक्रमसिंह सचान की नियुक्ति की गई। इस नियुक्ति पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे ने कहा कि जिला कांग्रेस संगठन में इस नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी। वानखेडे के अलावा शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने भी बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि विक्रम सिंह सचान पूर्व में भाराछासं प्रदेश महासचिव और मैडिकेप्स विश्वविद्यालय के अध्यक्ष भी रहे है, इससे सचान को छात्रों की राजनीति का अनुभव है जो एनएसयूआई के साथ कांग्रेस संगठन को भी साथ देगा। विपिन वानखेड़े, चिंटू चौकसे, अमन बजाज, अमित पटेल, संजय बाकलीवाल, धर्मेन्द्र गेंदर, इम्तियाज बेलिम, सरफराज अंसारी, रजत पटेल, अमन पटवारी, विकास नंदवाना, प्रिंस हड़िया, शुभम दरबार, गौरव सोलंकी सहित अन्य ने बधाई दी है।

# परमालिया को कांग्रेस प्रकोष्ठ में मिली जिम्मेदारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण पटेल, सज्जनसिंह वर्मा की अनुशंसा पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने प्रदेश अध्यक्ष अजय सीतलानी की सहमति से समाजसेवी मदन परमालिया को शहर कांग्रेस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया। सत्यनारायण पटेल, राजेश चौकसे, राधेश्याम पटेल, अमन बजाज, संजय बाकलीवाल, अमित चौरसिया, सुधीर सेठिया, हर्ष जैन, उमेश पारिख, गणेश वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, शेख शाकिर मसूदी, विजय राठौर, मिथिलेश जोशी, जगदीश जोशी, सुदामा चौधरी, संतोष यादव, जगदीश सितोले, मनोज पाटीदार, राजिक खान, अख्तर नेता, फिरोज खान, इकबाल मंसूरी, फारूक मंसूरी, शाहिद मंसूरी, कलाम खान, साजिद शेख, सलाम पठान सहित अन्य ने बधाई दी।



## जिलाध्यक्ष वानखेडे को छतरपुर समन्वयक की जिम्मेदारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन वानखेडे को दिल्ली आलाकमान ने प्रदेश के छतरपुर जिले के लिए समन्वयक के रूप में नियुक्त कर नई जिम्मेदारी दी है। इस तरह की जिम्मेदारी कई बडे नेताओं को भी दी गई है जिनमें सचिन पायलट, भूपेन्दर हुड्डा के अलावा प्रदेश के 11 नेता उमंग सिंगार, जयवर्धन सिंह, अजय सिंह राहुल भैया, कमलेश्वर पटेल, कुणाल चौधरी, प्रियव्रत सिंह सहित अन्य है। ऐसे में वानखेडे को जिम्मेदारी मिलना अपने आप में कांग्रेस की राजनीति के लिए बड़ी बात मानी जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने ली गुरु पूर्णिमा महोत्सव के लिए बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजन की तैयारियों की बैठक ली। गुरु पूर्णिमा पर महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने महर्षि सांदीपनि के जीवन चरित्र एवं योगदान पर लघु पुस्तिका प्रकाशित करने के निर्देश दिए। प्रदेश में जितने भी सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण होना शेष है, उनका लोकार्पण गुरु पूर्णिमा से पहले करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि सांदीपनि योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के गुरु थे। उन्होंने तत्समय अमीर और गरीब सभी छात्रों को पढ़ाकर राष्ट्र भक्ति का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशव्यापी 'महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व' का आयोजन किया जाये। इसमें स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ-साथ निजी शिक्षण संस्थानों तथा खेल, नाटक, चित्रकला, संगीत एवं अन्य कला संस्थानों की भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अभी प्रदेश में गुरु पूर्णिमा पखवाडा चल रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महर्षि सांदीपनि के जीवन चरित्र एवं गुरुकुल शिक्षा पद्धति के प्रसार में उनके विशिष्ट योगदान पर केंद्रित लघु पुस्तिका का प्रकाशन करायें और सभी विद्यालयों में वितरित करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में गुरु पूजन आयोजन किया जाये। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष विद्यालयों में मनाये जाने वाले मित्रता दिवस पर श्रीकृष्ण-सुदामा के जीवन चरित्र के बारे में बताया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु पूर्णिमा को जनभागीदारी उत्सव मनाए जिससे नई पीढ़ी प्रेरित हो सके।

# माहेश्वरी समाज चुनाव के नामांकन हुए दाखिल



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के चुनाव में कल नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था और दोनों ही पैनल जय उमा महेश पैनल और जय रणजीत पैनल के प्रादेशिक पदाधिकारियों के अलावा 5 अंचल के पदाधिकारियों और कार्यसमिति के उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। चुनाव अधिकारी के समक्ष पहुंचकर यह नामांकन दाखिल हुए। दोनों पैनल के प्रदेश में 4-4 उम्मीदवार है, वहीं इंदौर अहिल्या अंचल के उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव के पद पर भी उम्मीदवार ज्यादा है। वहीं भोज अंचल के उपाध्यक्ष पद पर भी उम्मीदवार ज्यादा होने के कारण चुनाव की स्थिति दिखाई दे रही है। संत अनिल शास्त्री



नेमीशरण तीर्थ से इंदौर आए तो उनसे भी उमा महेश पैनल के उम्मीदवारों और पैनल संयोजक अशोक ईनानी ने आशीर्वाद लिया। कल नामांकन के अंतिम दिन नामांकन दाखिल उम्मीदवारों ने कर दिए हैं, अब नामांकन पत्र की चैकिंग चुनाव अधिकारी करेंगे और उसके बाद वैध सूची लगाई जाएगी। चुनाव आम्बेडकर नगरी महू में 2 अगस्त की दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होना है।

# विधानसभा 4 की महिला प्रभारियों को बदला जाएगा



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

विधानसभा 4 की बैठक कल गांधी भवन में आयोजित की गई। शहर अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, प्रभारी शैलेष गर्ग, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल सहित अन्य ब्लॉक, मंडलम अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में तय हुआ कि विधानसभा 4 के 13 वार्डों के पदाधिकारियों के नियुक्ति पत्र 5 दिनों तक 23, 24, 25, 27 और 29 जुलाई को उन्हीं के वार्डों में पहुंचकर कार्यक्रम आयोजित कर दिए जाएंगे। हर वार्ड में मीटिंग होगी और यह भी निर्देशित किया गया कि वार्ड के हर बूथ पर अध्यक्ष, प्रभारी, महिला प्रभारी की नियुक्ति जहां बची है वह काम अब 10 दिनों में पूरा करना होगा। इधर यह भी बताया गया कि विधानसभा 4 के 13 वार्डों में महिला प्रभारियों की नियुक्ति की गई थी उनमें कुछ महिला पदाधिकारी एक्टिव नहीं है अब उनको बदलकर नए महिला पदाधिकारी प्रभारी के रूप में बनाए जाएंगे। साथ में यह भी कहा गया कि बूथ स्तर की कमेटी पर तत्काल ध्यान देवे और जिन्हें भी विधानसभा 4 के 13 वार्डों में चुनाव लड़ना है वे अपने-अपने वार्डों में एक्टिव हो जाए, किसी को भी बायोडाटा देने की जरूरत नहीं है, जिनका काम दिखेगा उनको आगे होकर चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**5 दिनों तक होगा वार्ड में पहुंचकर नियुक्ति पत्र देने का काम**

**जिन्हें पार्षद लड़ना है उन्हें दिखाना होगी वार्ड में ताकत**

### रविवार को होगी विधानसभा 2 के 4 वार्डों की बैठक

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि रविवार को विधानसभा 2 के चार वार्डों की बैठक होगी। दो वार्डों में बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी और महिला प्रभारी के घर भी अध्यक्ष सहित ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष पहुंचेंगे। यह आयोजन सुबह और दोपहर में होगा। बचे हुए दो वार्डों में शाम को बैठक होगी। इस तरह चार वार्डों में संगठन की गतिविधि की चर्चा होगी और निर्णय भी लिए जाएंगे।

# नारनौली पंचायत चुनाव के बाद उठने लगी अंगुलियां

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

नारनौली अग्रवाल समाज पंचायत मल्हारगंज के चुनाव रविवार को होने के बाद एक ही पैनल के 10 लोग चुनाव जीत गए। तीन लोग हार गए, अब उनके समर्थक अंगुलियां उठा रहे हैं कि उन्हें अंतिम समय पर पता पड़ा कि वे उम्मीदवार है। रजत गर्ग ने यहां तक कहा कि उन्होंने नाम वापस ले लिया था, लेकिन चुनाव अधिकारी ने नाम वापस लेने का निर्णय नहीं लेते हुए चुनाव में मौजूद रहने का बाद में बताया। इधर कुछ लोगों का कहना है कि सालों साल से पंचायत में साधारण सभा नहीं हो रही थी। वहीं बिजली, टेंट के ठेके में भी पारदर्शिता नहीं रखी गई। कुछ लोगों ने चुनाव अधिकारी पर भी अंगुलियां उठाई। कुछ लोगों का कहना रहा कि हो सकता है कि हम लोग फर्म और सोसायटी में शिकायत करने पहुंचेंगे। लाइट और टेंट का ठेका किसने दिया उसका 10 सालों से हिसाब नहीं है यह भी आरोप लगाया जा रहा है, जो लोग 10वें नम्बर पर चुनाव जीते वे पदाधिकारी बन गए और जो सर्वाधिक मतों से आगे रहे उन्हें दायित्व नहीं मिला। कुल मिलाकर नारनौली पंचायत के चुनाव हो गए, लेकिन विरोध की लकीर शुरू हो गई है। खासतौर से टेंट-बिजली का ठेका और धर्मशाला के खर्च को लेकर अब प्रश्न पूछे जा रहे हैं। बायलॉज भी नहीं देने की बात कुछ लोगों ने बताई। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि अग्रवाल समाज के एक थोक में रहकर ही एक व्यक्ति अध्यक्ष बन सकता है, जबकि ज्यादा थोक में रहकर अध्यक्ष बनने के मामले में अब शिकायत करने की बात भी कही जा रही है।

## विजयवर्गीय की भुट्टा पार्टी आज

**इंदौर, सिटी ब्लास्ट।** मानसून के दौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय हर साल अपने भोपाल निवास पर भुट्टा पार्टी का आयोजन करते हैं। इस पार्टी में भुट्टे और उससे अलग-अलग व्यंजन बनाए जाते हैं। मंत्री की यह भुट्टा पार्टी राजनीतिक रूप से भी चर्चा का विषय बनती है, क्योंकि इसमें मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के कई बड़े नेता शामिल होते हैं। भोपाल में बीती रात से रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। ऐसे में आज शाम को होने वाली भुट्टा पार्टी में भुट्टे का स्वाद राजनीतिक और दोस्ताना अंदाज में लिया जाएगा।

## संत की अगवानी से पहले कांग्रेस नेताओं ने लिया आशीर्वाद



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मुनि सुधा सागरजी म. सा की संभवतः इसी सप्ताह इंदौर में चातुर्मास के लिए अगवानी होनी है। इससे पहले आज मुनिश्री का आशीर्वाद लेने कांग्रेस नेता सज्जनसिंह वर्मा, विनय बाकलीवाल, पिंकेश टोंग्या, सौरभ पाटोदी, देवेन्द्र सोगानी, ऋषभ पाटनी डकाचिया स्थित ऋषि तीर्थ एमएसजे फार्म हाउस पहुंचे। मुनि ने सभी को मंगल प्रवेश की जिम्मेदारी भी दी।

# शिवसेना ने कराया शराब दुकान के बाहर हनुमान चालीसा पाठ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**




शिवसेना यूबीटी ने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के अलावा मातृशक्तियों को साथ लेकर महूनाका मुख्य चौराहा स्थित वाइन शॉप को हटाने को लेकर जमकर विरोध और नारेबाजी की। सभी लोग पहले लालबाग के समीप एकत्रित हुए और महिलाओं की अगुवाई में एक रैली के रूप में शराब दुकान पर पहुंचे और दुकान हटाने को लेकर प्रदर्शन किया। मातृशक्तियों के अलावा पुरुषों ने शराब दुकान के बाहर ही हनुमान चालीसा का पाठ भी किया, सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस और आबकारी के अधिकारी पहुंचे और जिन्होंने ज्ञापन के माध्यम से प्रदर्शनकारियों की बात सुनी, इस मामले में प्रदर्शनकारियों ने इस बात पर संतोष जताया है कि आबकारी विभाग ने सकारात्मक रूप से दुकान हटाने को लेकर शासन स्तर पर चर्चा की बात कही है। इस दौरान प्रमुख रूप से लता पंवार, प्रियंका नामदेव, रुपमति राठौर, सपना ठाकुर, परमजीतसिंह, सुरेन्द्र ठाकुर, सुनील ठाकुर, मनीष शिंदे, राजेश तिवारी, डैनी चौहान, सुनील रावल, विजय गायकवाड, सूरज राठौड़ चंदन, बंसी, राजू ठेकेदार, मनोज ठाकुर, योगेश चौहान, प्रमोद, गब्बर, पिंटू, राहुल, लक्ष्मणराम कुमावत, रुपेश, राजेश मराठा, आशीष, सोनू, अंजना अजय, शंकर भैया, अर्जुन राठौर, प्रीतम कुशवाह, संजय कलमे, सुनील सोलंकी, राहुल शुक्ला, गोलू राजपूत, अभिषेक, दीपक उपस्थित थे।

# जूनी कसेरा बाखल में 80 साल पुराना मकान तोड़ा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

इंदौर नगर निगम की रिमूवल गैंग ने आज सुबह जूनी कसेरा बाखल में एक 80 साल पुराना मकान तोड़ दिया। यह मकान खतरनाक स्थिति में था। निगम की रिमूवल टीम आज रिमूवल अधिकारी विनीत तिवारी के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए पहुंची। निगम के द्वारा बताया गया कि यह मकान डॉक्टर प्रमोद साकी का है। मकान ग्राउंड फ्लोर के ऊपर पहली मंजिल तक बना हुआ है।



यह मकान अत्यंत खतरनाक स्थिति में था। इस मकान को तोड़ने के लिए नगर निगम के द्वारा मकान मालिक के नाम पर नोटिस भी जारी किए गए थे। इस नोटिस के बाद भी मकान मालिक के द्वारा जब मकान नहीं तोड़ा गया तो निगम की टीम ने आज इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

## जेल रोड पर भी तोड़फोड़ के लिए पहुंचे

इस पहली कार्रवाई को करने के बाद नगर निगम की टीम जेल रोड चौराहा पर एमजी रोड पर स्थित एक मकान के खतरनाक हिस्से को तोड़ने के लिए पहुंची। वहां पर पहुंचने पर मकान मालिक के द्वारा मामला कोर्ट में विचाराधीन होने और तारीख लगी होने की जानकारी दी गई। यह जानकारी सामने आने पर टीम के द्वारा जानकारी को कंफर्म करने का काम किया जा रहा है। इसके चलते हुए अभी समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई नहीं की गई थी।

## ग्रीन बेल्ट में महीनों से खड़ा है जला ट्रक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक चोपन के अंतर्गत मूसाखेड़ी रिंग रोड सर्विस रोड पर पीटीएस मुख्यालय के सामने लंबे समय से ग्रीन बेल्ट के हिस्से में एक जला हुआ ट्रक खड़ा है। जिसको लेकर ना यातायात विभाग का और ना पुलिस और निगम का ध्यान है। जहां इस ग्रीन बेल्ट में इस बरसाती सीजन में हरियाली के लिए पेड़-पौधे लगाना है वहां पिछले दो-तीन माह से कोई एक्सीडेंटल जला हुआ ट्रक खड़ा है। जिस पर किसी का ध्यान नहीं है। जबकि आसपास के रहवासी इसे हटाने को लेकर लंबे समय से मांग कर रहे हैं।



**दूसरी तरफ रिंगरोड पर दो माह से निगम की रोलर मशीन भी खड़ी है-** इधर दूसरी तरफ रिंग रोड पर शांति नगर चौराहे से आगे में रोड पर करीब दो माह से निगम की डामर बिछाने वाली रोलर मशीन खराब होने के बाद से महीनों से खड़ी है। जिसको लेकर भी कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# आज सुबह से हुई हल्की बारिश





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

आज सुबह से हल्की बारिश का दौर रूक-रूककर चल रहा है। लगातार तीन दिनों से बदली बन रही है, लेकिन तेज पानी नहीं आ रहा है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव बनने के बाद पूर्वी म.प्र. में भी कम दबाव का क्षेत्र बना, जिससे आष्टा से भोपाल क्षेत्र में पानी गिरा है और इंदौर में अभी पूरी तरह कम दबाव का क्षेत्र नहीं बना है इसलिए बादल तो बन रहे हैं, लेकिन पानी तेज नहीं आ रहा है। रूक-रूककर इंदौर में पानी गिर रहा है। आज सुबह से हल्की बारिश से मौसम सुहाना हो गया है, लोगों ने राहत भी ली। इधर मौसम विशेषज्ञ शर्मा का कहना है कि शाम को कुछ तेज बारिश कम दबाव के कारण हो सकती है यही स्थिति कल भी पानी की रहेगी, लेकिन गुरुवार और शुक्रवार को इंदौर में तेज बारिश की संभावना भी बताई गई है।

# अग्रवाल समाज की दोनों पैनल का प्रचार जारी





## एक पैनल ने किए वादे, तो दूसरी पैनल ने कराया मंगल पाठ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के चुनाव में दोनों पैनल जय अग्रसेन खाटूश्याम पैनल और अग्रसेन सनातन पैनल जीत के लिए दम लगा रहे हैं। उम्मीदवार एक तरफ प्रचार कर रहे हैं तो दूसरी तरफ अपने समर्थकों से फोन भी लगवा रहे हैं, सोशल मीडिया पर प्रचार भी हो रहा है। दोनों पैनल के उम्मीदवार अग्रवाल बाहुल्य क्षेत्र में पहुंचकर घर-घर पर वोट की गुहार लगा रहे हैं, बड़े वोट बैंक में सेंध लगाने की जुगत भी की जा रही है। कल जय अग्रसेन सनातन पैनल ने दादी माँ का मंगल पाठ वाचिका ममता गर्ग के श्रीमुख से कच्छपाटीदार धर्मशाला में करवाया, बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही। वहीं जय अग्रसेन खाटूश्याम पैनल ने प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों से मुलाकात की और अपने आगामी कार्यक्रम की योजना भी बताई।

# आयुक्त ने आठ दिन बाद पौधारोपण की स्थिति का लिया जायजा

## निर्माणाधीन एसटीपी का अवलोकन किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

नगर निगम आयुक्त शिक्षित सिंघल ने ग्राम बुढानिया बीएसएफ कैम्पस में 12 जुलाई को हुए पौधारोपण स्थल का निरीक्षण किया। पौधारोपण की सुरक्षा के दिशा निर्देश दिए। एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, उद्यान अधिकारी शांतिलाल यादव भी मौजूद थे। सिंघल ने अमृत योजना पैकेज-2 अंतर्गत नंद बाग कॉलोनी, टिगरिया बादशाह, स्कीम नंबर-166 तथा बड़ा बांगड़दा क्षेत्र में निर्माणाधीन सीवर



लाइन कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा तकनीकी पहलुओं का विस्तार से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सिंघल ने स्कीम नंबर-166, टिगरिया बादशाह में निर्माणाधीन 40 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्लांट के निर्माण की प्रगति, विभिन्न तकनीकी व्यवस्थाओं तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आर्येश्वर वैदिक संस्थान सेवा समिति का एक दिवसीय ज्योतिष सम्मेलन अभिनव कला समाज में आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में समिति के लोग उपस्थित थे।**

# 1.5 लाख पौधे बचाने के लिए यशवंत सागर से बुढ़ानिया पहाड़ी तक पाइपलाइन डालने की योजना

**कबीट खेड़ी ट्रीटमेंट प्लांट से रेवती रेंज तक डाली जा रही है पाइपलाइन, 2 साल में भी काम नहीं हुआ पूरा**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम और नगरी प्रशासन मंत्री की पहल पर पिछले दिनों बढ़ानिया पहाड़ी पर लगभग डेढ़ लाख पौधे लगाए गए। यहां कुल 2 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है इसके अलावा भी आसपास खाली जमीन पर पौधे लगाए जाएंगे लेकिन इन पौधों को जीवित रखने के लिए यहां पानी का कोई साधन नहीं है। पिछले एक सप्ताह में पौधों को जीवित रखने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी डाला लेकिन यहां पानी की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए नगर निगम अब रेवती रेंज की तरह ही पाइपलाइन डालने की योजना बना रहा है। रेवती रेंज पर नगर निगम ने 12.50 लाख पौधे लगाने के लिए कबीटखेड़ी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से लेकर रेवती रेंज तक 9 करोड़ की लागत से पाइपलाइन डाली जा रही है इस तरह से यशवंत सागर से लेकर बुढ़ानिया पहाड़ी तक पानी की पाइपलाइन डालने पर विचार किया जा रहा है।

एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि बड़ी संख्या में रेवती रेंज की तर्ज पर ही अब बुढ़ानिया की पहाड़ी पर पौधे लगाए जा रहे हैं। लगभग डेढ़ लाख पौधे यहां पर लगाए जा चुके हैं इसके अलावा प्रतिदिन यहां पौधे लगाने का काम किया जा रहा है लेकिन बारिश नहीं होने के कारण फिलहाल इस काम को रोका गया है। यहां पानी की समस्या को दूर करने के लिए बोरिंग करने के अलावा यशवंत सागर से एक पाइप लाइन पहाड़ी तक डालने के लिए योजना बनाई जा रही है इसको लेकर विचार किया जा रहा है। जिस तरह से पौधों को रेवती रेंज पर बचाया गया है और एक भी पौधा पानी की कमी के कारण नहीं मरा है जो पौधे पनप नहीं पाए उनके स्थान पर दूसरे पौधे लगाए गए हैं। बुढ़ानिया की पहाड़ी को भी रेवती रेंज की तरह विकसित किया जाएगा। यहां पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। वर्तमान में बारिश नहीं हो रही है इसके लिए भी यहां टैंकरों से पानी दिया जा रहा है, किसी भी स्थिति में पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। यहां घना जंगल तैयार किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह पाइपलाइन निर्माण के लिए होने वाले खर्च सहित समय सीमा सहित अन्य कार्यों के संबंध में विचार विमर्श करके प्रस्ताव तैयार करें।

वहीं दूसरी ओर कबीटखेड़ी ट्रीटमेंट प्लांट से रेवती रेंज तक डाले जाने वाली पाइपलाइन का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। इसके लिए 1 साल की समय सीमा तय की गई थी लेकिन 2 साल का समय बीतने के बाद भी यह काम पूरा नहीं हो सका है। बीती दोनों गर्मियों के दौरान भी नगर निगम को वहां टैंकरों से पानी पहुंचाना पड़ा इसके अलावा बीते तीन माह में 15 से 20 लाखों रुपए का खर्च निगम को टैंकरों पर करना पड़ा। योजना के अनुसार यहां सीवेज वाटर से पौधों को पानी दिया जाना था लेकिन 2 साल में पौधे बड़े हो चुके हैं। आने वाले 2 से 3 सालों में यहां पानी की आवश्यकता इतनी नहीं होगी जितनी वर्तमान में है ऐसी स्थिति में पाइप लाइन पर किया गया इतना बड़ा खर्च उपयोगी साबित नहीं होगा।

# पातालपानी गए पर्यटक कचरे के ढेर को देखकर हुए निराश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**शहर के नागरिकों के लिए रविवार का दिन छुट्टी का दिन होता है। इस दिन का प्रयोग बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा मौसम का आनंद लेने और पिकनिक मनाने के लिए किया जाता है। इस बार रविवार को पिकनिक मनाने के लिए जो पर्यटक पातालपानी गए थे उन लोगों को निराशा का सामना करना पड़ा। इस पर्यटन स्थल के चारों तरफ कचरे के ढेर लगे हुए हैं। स्वच्छ शहर में रहने वाले नागरिकों को कचरे और गंदगी के बीच में पिकनिक मनाना नागवार गुजरा।**



खूबसूरत पर्यटन स्थल पातालपानी में चारो ओर कचरा फैला पड़ा है। यहां पिकनिक मनाने के लिए आने वाले लोगों के द्वारा लापरवाही की जाती है। इन लोगों के द्वारा यहां पर आने के बाद जहां खाया जाता है उसके कचरे को वहीं पर फेंक दिया जाता है। इस पर्यटन स्थल पर पॉलिथीन का उपयोग भी जारी है। सैलानियों के साथ ही दुकानदार भी पातालपानी की खाई में उपयोग करने के बाद पॉलिथीन की थैलियां फेंक रहे हैं। अपनी दुकान का कचरा यहां के दुकानदारों के द्वारा पानी में ही फेंक दिया जाता है। यहां कहने के लिए तो कूड़ादान लगा हुआ है उसमें भी डाला गया कचरा पड़े-पड़े सड़ रहा है। सैलानियों ने कचरा फेंकने के लिए रेलवे ट्रैक का उपयोग करने में भी कोई परहेज नहीं किया। इसका परिणाम यह हुआ है कि यह पूरा पर्यटन स्थल गंदगी और कचरे से सराबोर हो गया है। ध्यान रहे की इंदौर के कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा पर्यटन स्थल पर सुरक्षा की व्यवस्था करने के लिए तो आदेश जारी किए जाते हैं लेकिन वहां पर साफ सफाई की व्यवस्था रखने के लिए किसी तरह की जिम्मेदारी का निर्धारण नहीं किया जाता है। यह स्थल किसी भी सरकारी विभाग या एजेंसी के द्वारा साफ सफाई के लिहाज से देखरेख में नहीं लिया जाता है। इसका परिणाम यह है कि पूरा स्थल दुर्दशा का शिकार हो रहा है।





# फिश एक्वेरियम बनाने के लिए निगम को नहीं मिल रही है एजेंसी

**प्राणी संग्रहालय में पीपीपी मॉडल पर 30 साल के लिए ठेके पर देने की योजना**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम को प्राणी संग्रहालय में फिश एक्वेरियम बनाने के लिए एजेंसी नहीं मिल पा रही है। निगम इस प्रोजेक्ट को पीपीपी मॉडल पर बनवाना चाहता है। बनाने वाली एजेंसी को ही इसके 30 साल के लिए संचालन का कार्य भी सौंपना चाहता है। निगम के द्वारा यह योजना तैयार की गई थी की चिड़ियाघर में फिश एक्वेरियम का निर्माण किया जाए। इस एक्वेरियम का निर्माण हो जाने से चिड़ियाघर में आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को एक और अच्छी सौगात मिल जाएगी। इस सौगात के कारण चिड़ियाघर में आने वालों की संख्या में भी जोरदार वृद्धि हो जाएगी। इस आशय से निगम के द्वारा फिश एक्वेरियम के लिए योजना तैयार कर इस योजना का क्रियान्वयन पीपीपी मॉडल पर करने का फैसला लिया गया था। इस बारे में नगर निगम के द्वारा मंजूर किए गए प्रस्ताव में कहा गया था कि पीपीपी मॉडल पर फिश एक्वेरियम के निर्माण का ठेका दिया जाएगा। इस एक्वेरियम का निर्माण 1 साल की अवधि में संबंधित एजेंसी को करना होगा। इसके बाद में 29 साल तक इस एक्वेरियम का संचालन संधारण करने का कार्य भी यह एजेंसी ही करेगी। इस दौरान जो लोग इस एक्वेरियम को देखने के लिए आएंगे उन लोगों से अलग से शुल्क लिया जाएगा। इस शुल्क की वसूली के माध्यम से एजेंसी के द्वारा निर्माण के कार्य में लगाई गई अपनी लागत और प्रॉफिट को निकाला जाएगा। नगर निगम के इस फार्मूले पर काम करने के लिए अभी तक कोई एजेंसी नहीं मिल सकी है। निगम के द्वारा अभी तक दो बार एजेंसी को निमंत्रित करने के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं। इन दोनों बार में एक भी एजेंसी के द्वारा इस काम को करने में रुचि नहीं ली गई है। अब तीसरी बार टेंडर जारी करने का निगम इस कोशिश में लगा है कि कोई ना कोई एजेंसी तो आ जाए और इस काम को अपने हाथ में ले ले। तीसरी बार की इस कोशिश का परिणाम क्या निकलेगा यह तो समय बताएगा लेकिन अभी तक के हालात तो अच्छे नजर नहीं आ रहे हैं।



# निगम आयुक्त और एमआईसी सदस्य ने किया स्विमिंग पूल निरीक्षण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने नेहरूपार्क पहुंचकर वहां निर्माणाधीन स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारी श्रृंगार श्रीवास्तव, शांतिलाल यादव, विवेक उपाध्याय, दिनेश बागोरा, कंसलटेंट अतुल त्रिवेदी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। स्विमिंग पूल जल्द तैयार किया जाए, जिससे स्विमिंग पूल का उपयोग आम लोग कर सके। निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और शेष कार्यों की जानकारी ली गई। काम में देरी क्यों हुई उस पर भी चर्चा हुई। कहा कि बचे हुए काम अब जल्द से जल्द हो जाना चाहिए। बैडमिंटन, टेबल टेनिस हॉल, एलिवेशन का कार्य चरणबद्ध रूप से करते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करे।



# कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों को मिली सफलता

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल के विद्यार्थी सौम्य चौलकर और जुनैद अशरफी ने संभाग स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के आयोजन में स्कूल और स्वयं को सफलता दिलाई। इन दोनों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किए। वहीं पुष्पेन्द्रसिंह चौहान ने ब्रोंज मैडल और देवांग सिसोदिया ने सिल्वर मैडल प्राप्त किया। आज स्कूल की असेम्बली द्वारा सुबह मंच से इन चारों विद्यार्थियों का सफलता पर सम्मान किया गया। प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर, खेल प्रशिक्षक लोकेश केसरवानी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने में मौजूद रहे।

# लायंस क्लब यूनिक की गौसेवा



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। लायंस क्लब यूनिक ने तिरुपति बालाजी मंदिर गुमाश्ता नगर की गौशाला में गौसेवा कार्य किया। संतोष गोयल, डॉ. सीपी हेड़ा, विनिता हेड़ा, विनोद जोशी, हरीश उप्पल, श्वेता जोशी, निर्मल राजपूत, कनक राजपूत, जगदीश उपाध्याय, अशोक व्यास, अशोक भुसारी, सुनील लाहुरे, हरीश भंडारी मौजूद थे।



# सिंधी समाजजनों ने किया परियानी का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नई दिल्ली द्वारा चिकित्सक डॉ. जयकमार परियानी का सम्मान केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों दिल्ली में हुआ था, इंदौर आगमन पर सिंधी समाजजनों ने उनका स्वागत किया। राजेन्द्र सचदेव, सच्चानंद वाधवानी मौजूद थे।

# वैश्य समाज की संभागीय बैठक कल



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। वैश्य समाज के संभागीय सम्मेलन की तैयारियों के लिए बैठक कल बुधवार को खरगोन में दोपहर आयोजित की गई है। ये जानकारी संभागीय अध्यक्ष ओम खंडेलवाल एवं जिलाध्यक्ष डॉ शरद डिंडोरकर ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर से प्रदेश महामंत्री रमेश गुप्ता मार्गदर्शन देंगे एवं तैयारियों के बारे में जानकारी लेंगे। इस सम्मेलन में खरगोन से निर्मल जैन, मनीष मंडोवरा सीए, सेंधवा से राजेश अग्रवाल, बुरहानपुर से डॉ. सतीश अग्रवाल, खंडवा से अखिलेश गुप्ता, लखन लाल नागौरी के नेतृत्व में कोई 100से अधिक पदाधिकारी विभिन्न जगहों बडवाह सनावद आदि से भाग लेंगे एवं वैश्य समाज को और तीव्र गति से प्रगति राजनैतिक रूप से सशक्त होने एवं व्यापार को कैसे और सुगमता से चलाया जा सके पर विचार विमर्श होगा।

# ग्रेजुएशन सेरेमनी डिप्लोमा इन मोंटेसरी टीचर ट्रेनिंग

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल शिक्षित होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशिक्षित एवं कुशल शिक्षक होना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्था संस्कारों की पाठशाला किंडर बड्स स्कूल द्वारा 6 माह का डिप्लोमा इन मोंटेशनरी टीचर्स ट्रेनिंग संचालित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से उन युवाओं, महिलाओं, गृहिणियों, शिक्षकों एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए तैयार किया गया है। यह शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो विश्व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. मारिया मोंटेसरी की शिक्षण पद्धति पर आधारित है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को बच्चों की आयु, रुचि एवं सीखने की गति के अनुसार प्रभावी शिक्षण तकनीकों में दक्ष बनाना है, ताकि वे बच्चों के बौद्धिक, सामाजिक,



भावनात्मक एवं शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। संस्कारों की पाठशाला किंडर बड्स स्कूल दो दशक से शिक्षक प्रशिक्षण कार्य कर रहा है जो विद्यार्थियों को छह माह में निपुणता दिलाता है। संस्था ने छह माह के प्रशिक्षण पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रशिक्षित शिक्षकों ने अनुभव साझा किए। ट्रेनर रवीन्द्र गेहलोत, डॉ. दीपिका हासीजा मौजूद थे।

# संतों ने किया यात्रा की सफलता पर हरि अग्रवाल का सम्मान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इस्कान मंदिर की जगन्नाथ रथयात्रा अन्नपूर्णा मंदिर से गोपाल मंदिर तक रविवार को निकाली गई। पांच वर्षों से यह यात्रा का संयोजन और संचालन समाजसेवी हरि अग्रवाल कर रहे है। यात्रा की सफलता के बाद संतों और वरिष्ठों की मौजूदगी में हरि अग्रवाल का सम्मान किया गया। स्वामी महामनदास,स्वामी जयेंद्रानंद गिरि, डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, पवनदास महाराज, सदगुरु अण्णा महाराज, श्रीनिकेतन दास, अद्रिधरण दास, गिरधर गोपाल दास, डॉ. लक्ष्मण दास, अच्युत गोपाल दास, रणवीर दास, डॉ. हरिनारायण विजयवर्गीय, महेंद्र विजयवर्गीय, किशोर गोयल, अशोक गोयल, भावेश दवे, मुरलीधर धामानी, विनय जैन, राजेंद्र सोनी, डॉ. चेतन सेठिया, शंकरलाल वर्मा, प्रवीण मुराकरा, देवेन्द्र बंसल, कैलाश राखोड़ीवाला, ओमप्रकाश फरकिया, राजकुमारी मिश्रा, मोनिका शर्मा, अनंत सोनवने, मनोज तारे सहित अन्य मौजूद थे।



# नारनोली ट्रस्ट के चुनाव में अग्रवाल पैनल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री नारनोली अग्रवाल पंचायती ट्रस्ट के चुनाव में हुकमचंद अग्रवाल पैनल के सभी 11 प्रत्याशी भारी मतों से विजयी रहे। चुनाव अधिकारी सावन गर्ग एवं अभिभाषक महेश गर्ग के निर्देशन में तेली बाखल मल्हारगंज स्थित ट्रस्ट भवन पर हुए चुनाव में कुल 131 में से 122 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। पैनल संयोजक विजय अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन अधिकारियों ने देर रात को मतगणना के बाद घोषित किए गए नतीजों में सर्वश्री हुकमचंद अग्रवाल, डॉ महेश गर्ग, विजय कुमार अग्रवाल, ओमप्रकाश बंसल दद्दू, प्रकाश ऐरन तीन इक्का, विनय अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, विनोद कुमार बंसल, गोपाल दास अग्रवाल, डॉ संजय अग्रवाल एवं योगेश अग्रवाल को विजयी घोषित किया। विजयी उम्मीदवारों का सम्मान किया गया।

# पश्चिमी रिंग रोड प्रभावित किसानों की मांगे जायज



## बल प्रयोग नहीं, संवाद से निकाले किसानों की समस्याओं का समाधान-जाधव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के अध्यक्ष बबलू जाधव ने सांवेर क्षेत्र के ग्राम बरलाई जागीर-शिप्रा में किसानों एवं करणी सेना परिवार द्वारा आयोजित शांतिपूर्ण ट्रैक्टर रैली पर प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़ने एवं वाटर कैनन के उपयोग की कड़ी निंदा की है। जाधव ने कहा कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। पश्चिमी रिंग रोड परियोजना से प्रभावित किसानों द्वारा उचित मुआवजा, अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण पर रोक तथा अन्य मांगों को लेकर निकाली जा रही ट्रैक्टर रैली को बलपूर्वक रोकना दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। किसानों पर हुए लाठीचार्ज एवं बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।



# शिक्षा में बदलाव थीम पर मना स्थापना दिवस

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री क्लॉथ मार्केट वैष्णव बाल मंदिर गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल का स्थापना दिवस एवं विद्यार्थी परिषद गठन समारोह आयोजित किया गया। आयोजन की थीम पर शिक्षा में बदलाव - जीवन में बदलाव पर प्रकाश डाला। स्कूल के इतिहास की जानकारी दी गई। विद्यालय की वार्षिक पत्रिका ‘जीनियस’ का भी विमोचन किया गया। समूह गीत एवं सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों को बैज दिए गए, शपथ भी दिलाई गई। पुरुषोत्तमदास पसारी, विष्णु पसारी, विजय आगार, आभा जौहरी, अंशु माहेश्वरी, एसबीएस अय्यर ने अपनी भूमिका निभाई।

# साहित्य गोष्ठी का आयोजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पर्यावरण संरक्षण अनुसंधान विकास केंद्र की मासिक साहित्यिक गोष्ठी के आयोजन में डॉ. अनिल भंडारी, सत्यनारायण मंगल, डॉ. कृष्ण जोशी, पवन सोलंकी, डॉ. पूजा कृष्ण, अनिल ओझा, ओ. जोशी बब्बू, डॉ. बासिफ काजी, डॉ. इसरार मोहम्मद, महेन्द्र सांघी, अशोक गर्ग, रशीद शेख, दिनेश दवे, राजेश तिवारी, अरविंद जोशी, दिनेश जिंदल ने अपनी भूमिका निभाई।

# आचार्य के पुण्य स्मृति दिवस पर गुणानुवाद सभा



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** द्विशताब्दी चातुर्मास–2026 के अंतर्गत कल केसरी वाटिका बिजासन रोड पर कविरत्न मोहनखेड़ा के प्रमुख विकास महापुरुष आचार्य देवेश श्रीमद् विजय विद्याचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. के पुण्यस्मृति दिवस पर गुरु गुणानुवाद सभा एवं गुरुपद महापूजन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. ने आशीवर्चन देने के साथ आचार्य के जीवन पर प्रकाश डाला। दादागुरुदेव आचार्य श्री यतीन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. ने अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा था कि 'विद्याचन्द्रसूरी को आचार्य बनाया जाए तथा पाट परम्परा में मुनि जयंत को उपाचार्य बनाया जाए।' इसी गौरवशाली पाट परम्परा में वर्तमान सुविशाल गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा., विश्वपूज्य आचार्य श्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. की परम्परा के सातवें पट्टाचार्य के रूप में धर्मशासन का प्रभावी नेतृत्व कर रहे हैं। मुनि सिद्धरत्न म.सा., मुनि चारित्ररत्न म.सा. एवं मुनि प्रशमसेन म.सा. ने गुरुपद महापूजन में सहभागिता की। राजेश जैन युवा, नरेन्द्र बोहरा, वीरेन्द्र लुंकड, नीरज सुराणा, महेन्द्र बागवाला सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



## जैन ग्रुप ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोईथराम नेत्रालय जिला सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान मे पब्लिक स्कूल नंदबाग, पर नेत्र शिविर लगाया जिसमें 165 मरीजों ने लाभ लिया 24 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे जरूरतमंद को 75 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए। सुरेश देशलहरा, अनोखीलाल जैन, आरएन मिश्रा, भवरलाल कासवा, सुभाष गोखर, डॉ. जितेन्द्र पारख, किरण संचेती, अरविन्द चोधरी, महेश डकोलिया, पारस कटारिया, चन्द्र कुमार फ़तेपुरिया, मनोज जैन, अरविंद ठाकुर, रीना जैन, प्रदीप मोर्य, तेजसिंह बेस सेवारत रहे।

## गुरु पाद पूजन आज

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संस्था श्री पुष्पानंदन व्यास मंडल द्वारा गुरु



पादपूजन का आयोजन पुरुषोत्तम मानधन्या शिवार्पण रेवेन्यू नगर अन्नपूर्णा रोड के यहां आज शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगा। गोपालदास राठी ने बताया कि वेदव्यास धाम, नैमिषारण्य के पीठाधीश्वर अनिल शास्त्री आशीर्वचन भी प्रदान करेंगे। कल शास्त्री का इन्दौर आगमन हो चुका है। आयोजन में पुष्पानंद महाराज, पुरुषोत्तम मानधन्या, श्याम अटल, आरके जाखेटिया सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

## तम्बोला और कवि सम्मेलन में जैन समाजजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन, सेंट्रल रीजन द्वारा गुजराती कॉलेज द्वारा आडिटोरियम में जीव दया प्रकल्प, ऑनलाइन तम्बोला पुरस्कार वितरण एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। ऑनलाइन तम्बोला से 1700 सदस्य जुड़े और कवि सम्मेलन में हास्य के ठहाके लगे। अतिथि शंकर लालवानी, अश्विन मेहता, संदीप चौपड़ा थे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। राजेश जैन, नरेन्द्र संचेती, प्रकाश भटेवरा, रितेश शेखावत, बिंदिया मेहता, शशिकांत यादव, राजेन्द्र जैन, पीयुष जैन, कमलेश कोठारी, दिलीप सिसोदिया, दिलीप जैन, राजेंद्र सुराणा, संजय नाहर, डॉ. निर्मल पगारिया, एकता निलेश जैन, राकेश–जयश्री सेठ, सुनील–कल्पना मुरड़िया, पंकज शाह, सुभाष श्रीमाल सहित अन्य मौजूद थे।

## रोहन धोपे को सफलता

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रेसीडेंसी हायर सेकेंडरी स्कूल, केलोद कांकड़ (एम.आर.-



12), इंदौर के छात्र रोहन धोपे ने नीट-री परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। रोहन ने 720 में से 658 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 987 हासिल की। इसके साथ ही उन्होंने अनुसूचित जनजाति वर्ग में अखिल भारतीय स्तर पर 10वीं रैंक तथा मध्य प्रदेश में एसटी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर इंदौर एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। रोहन के पिता रमेश धोपे पुलिस विभाग में कार्यरत है।



## जैन एकता चल समारोह

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** तिलकेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में जैन समाज के साधु-साध्वियों का मंगल प्रवेश हुआ। आचार्य सुनील सागर म.सा. और पूज्य सागर म.सा. एवं मंडल का मिलन भी हुआ। यह जैन एकता चल समारोह और संत मिलन के अलावा मंगल प्रवेश के दौरान बड़ी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे। अशोक मेहता, जैन डॉ. भवानी जैन, निर्मल कासलीवाल, भगवंतसिंह नागोरी, राजीव भांडावत, कैलाश वेद, डॉ. इंद्र सेठी जैन, रमेश भंडारी, विजय मेहता, अशोक बड़जात्या, राजकुमार पाटोदी उपस्थित रहे।

## गिरनार पर्वत की पहली टोंक पर निर्वाण लाड़ू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भगवान नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर कल गिरनार पर्वत की पहली टोंक स्थित श्री बंडीलाल दिगम्बर जैन मंदिर पर निर्वाण लाड़ू चढ़ाए गए। ट्रस्ट द्वारा दो दिनों तक सम्पूर्ण व्यवस्था की गई। कल देश भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने अभिषेक, शांतिधारा पूजन, निर्वाण कार्य का वाचन कर निर्वाण लाड़ू चढ़ाए। कार्यक्रम में डीके जैन, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, विपिन गांधी, राकेश बंडी भी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में जैन समाजजनों ने धार्मिक लाभ लिया।



## तिलकेश्वर ट्रस्ट ने लगाया शिविर



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** तिलकेश्वर पार्श्वनाथ सार्वजनिक ट्रस्ट ने स्वास्थ्य सेवा संस्थान और अस्पताल के साथ मिलकर तिलकेश्वर हेल्थ केयर तिलक नगर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। डॉ. आशीष जैन, मुकेश जैन, विजय ओसवाल, देवेन्द्र जैन, वीरेंद्र पगारिया, डॉ. विकास जैन, डॉ. अभिषेक मालवीय, डॉ. नंदिनी ओसवाल ने अपनी भूमिका निभाई।

## समवशरण का विधान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री चंद्रप्रभु दिगंबर



जैन मंदिर राजेंद्र नगर में अष्टमीका महापर्व पर महिला मंडल द्वारा समवशरण का विधान अनिता दीदी के सानिध्य में किया गया, काव्य का महत्व समझाया गया। दीपक पाटनी ने उक्त जानकारी दी।

## संत देंगे कल स्कूल में प्रवचन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आचार्य सुनील सागर म.सा. और संघ का कल छावनी क्षेत्र में मंगल आगमन होगा। वहां संत की अगवानी जैन समाजजनों द्वारा की जाएगी। आचार्य और संघ गोयल नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से विहार कर सन्मति स्कूल होते हुए छावनी आएंगे। एमके जैन, देवेन्द्र सेठी ने बताया कि आचार्य श्री के मंगल प्रवचन कल सुबह 8.15 बजे स्कूल परिसर में होंगे, 9.30 बजे जुलूस सन्मति स्कूल नवलखा से छावनी पहुंचेगा। छावनी में ही आहारचर्या होगी। दोपहर 3 बजे श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में तत्वचर्चा एवं सांय 6.30 बजे जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम होगा

## जैन समाज की सर्वजातीय महासंघ की बैठक



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारतवर्षीय दिगंबर जैन सर्वजातीय महासंघ की बैठक की बैठक समाज मुद्दे पर आयोजित की गई। हंसमुख जैन गांधी, बाहुबली जैन, शेखर छाबड़ा, निमेश जैन, डीके जैन, अरविंद बंडी, जैनेन्द्र सावला, मुकेश जैन, आशीष जैन, राजेन्द्र जैन, ऋषभ जैन, नवीन जैन, सुधीर सिंघई, विजय ओरा, सुधीर जैन, राजीव जैन, डॉ. उदय जैन, सुनील जैन, राजेश जैन दद्दू सहित अन्य मौजूद थे।

## नशा छोड़ना कठिन है किंतु असंभव नहीं



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नूर मेमोरियल स्कूल में आयोजित नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि नशा मानसिक बीमारी है, जिसे बाहर निकलना सम्भव है, नशा छोड़ना कठिन है लेकिन असंभव नहीं। डॉ. डीना शर्मा, डॉ. रामगुलाम राजदान, करुणा बोरकर, सोफिया गोरी, रूमाना गोरी, डॉ महक शर्मा, निलोफर शेख, आयशा गोरी, शफी मोहम्मद शेख ने अपनी भूमिका निभाई।



## जैन यूनिक ग्रुप का आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जैन सोशल ग्रुप यूनिक ने ट्रेजर हंट का आयोजन किया। 4 टीमों ने शिरकत की। पुनीत आंचल टोंग्या, आदर्श श्रद्धा जैन, प्रतिक नियोति भंडारी, विकास पुर्वी जैन, सिद्धार्थ नेहा चेलावत, अंशुल तोशी सोजतिया, रौनक प्रिया गोलेच्छा, दिवेश हेमल शेठ, मिलन पुजा शाह, रौनक नुपुर पाटनी, हार्दिक नमीता पंचमिया, अंकित अंकिता जैन, मयंक श्रुति जैन, रोहन रुचि जैन सहित अन्य मौजूद थे। विजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।



# अंधेरा दूर करने के लिए हाई मास्ट लगाने की तैयारी

## त्योहारों के पहले बाजार भी होंगे रोशन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा दो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34 में स्थित विभिन्न क्षेत्र और प्रमुख बाजारों व चौराहों का अंधेरा दूर करने के लिए अब आने वाले दिनों में बेहद जल्द निगम द्वारा 9 और 12.5 मीटर ऊंचे बड़े ओर तेज रोशनी वाली लाइटिंग के हाई मास्ट लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। जिससे क्षेत्र का लंबे समय का अंधेरा अब आने वाले दिनों में दूर होगा और प्रमुख बाजारों में आने वाले त्यौहारों के दौरान देर रात तक जगमगाहट और चकाचौंध भी रहेगी।

**प्रमुख त्यौहारों से पहले नजर आएगी क्षेत्र में चकाचौंध-**खास बात यह है कि इससे इस क्षेत्र के प्रमुख बाजार और चौराहों पर आने वाले प्रमुख त्यौहारों सावन मास, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी से पहले क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी चाकचौबंद हो जाएगी। जिसको लेकर निगम के विद्युत विभाग ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और रहवासियों और व्यापारियों की मांग पर चुनिंदा स्थानों पर अलग-अलग तरह के तेज रोशनी वाले हाई मास्ट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत इस व्यवस्था के अंतर्गत निविदा भी जारी कर दी गई है वहीं कहा जा रहा है कि अगले माह में बेहद जल्द विभिन्न स्थानों, मुख्य चौराहा, प्रमुख बाजारों में हाई मास्ट की स्थापना का काम भी शुरू हो जाएगा। जिसका लाभ क्षेत्र के हजारों रहवासियों के साथ प्रमुख बाजार और चौराहों से आने-जाने वाले लोगों को भी मिलेगा। साथ ही त्यौहारों के समय खरीदी करने वाले लोगों को भी बाजारों में तेज रोशनी वाले बड़े हाई मास्ट लगने से सुविधा होगी।

# गलियों में शुरू होगा सीमेंट कांक्रीट का कार्य

**लंबे समय से परेशान रहवासियों को मिलेगी बड़ी राहत**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा दो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 में कुलकर्णी नगर से अगरबत्ती चौक के पीछे की गलियों में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़कों की बजाय निगम का प्रयास है कि यहां नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क का निर्माण किया जाए। जिसको लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ निगम भी लगातार प्रयास कर रहा है लेकिन तीसरी बार प्रयास के बाद भी फिलहाल कोई ठेकेदार काम करने को तैयार नहीं है। इसके बाद अब निगम ने एक बार फिर से प्रयास कर कुलकर्णी नगर में आसपास के एरिया में अगरबत्ती चौक सहित अन्य गलियों में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण के लिए निविदा जारी की है जिसके तहत अगले माह में बेहद जल्द यहां सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण शुरू होगा। जिससे आसपास के लोगों के साथ यहां से गुजरने वाले सैकड़ो रहवासियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

**लगातार कर रहें लोग मांग लेकिन नहीं शुरू हो पाया काम-** बड़ी बात यह है कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से लगातार मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया। बोरठलाबी की ड्रेनेज और नर्मदा लाइन डालने के लिए पिछले दिनों कई बार सड़क खोदी गई जिसके कारण क्षेत्र की पूरी सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। इसलिए निगम द्वारा अब यहां जल्द नहीं सीमेंट सड़क निर्माण की तैयारी है जिसको लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि अगले माह में बेहद जल्द टेंडर संबंधित प्रक्रिया पूरी होते ही हाथों हाथ काम भी शुरू हो जाएगा। जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। कोई बात नहीं पेमेंट आराम से आ जाएगा मैंने बिल मिला के नहीं इसलिए कॉल किया था। मम्मीजी पूरी तरह स्वस्थ हो जाए उसके बाद करिएगा।

# हनुमान मंदिर से न्यू आरटीओ रोड तक चार किमी सीमेंटेड सड़क तैयार

## अब पीडब्ल्यूडी का सर्विस रोड चौड़ी करने का प्रयास

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। राऊ विधानसभा के शहरी क्षेत्र पालदा नाका हनुमान मंदिर चौक से लेकर न्यू आरटीओ रोड नायता मुंडला तक के बड़े हिस्से में लोकनिर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा निर्माणाधीन लगभग 4 किलोमीटर लंबी नई सीमेंटेड सड़क बनकर तैयार हो गई है। वहीं अब बचे हिस्से में सर्विस रोड निर्माण और चौड़ीकरण की तैयारी भी पीडब्ल्यूडी ने शुरू कर दी है।

**गार्डन के सामने से लेकर हनुमान मंदिर तक हो रहा दूसरे चरण में चौड़ीकरण-**



बड़ी बात यह है कि पहले चरण में पीडब्ल्यूडी द्वारा पिछले साल नाके से लेकर न्यू आरटीओ रोड़ तक के लंबे हिस्से में करोड़ों रुपए की लागत से लंबी चौड़ी मुख्य सड़क का निर्माण पूरा किया था। वहीं अब बचे हिस्से में मल्हार गार्डन के सामने से लेकर पालदा नाका हनुमान मंदिर चौक तक दोनों तरफ खुदाई कर लंबी - चौड़ी ड्रेनेज लाइन डालने के बाद अब इस हिस्से में भी सीमेंटेड सड़क निर्माण की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। जिससे लोगों को बारिश के सीजन में ज्यादा दिक्कत न हो। पीडब्ल्यूडी की तैयारी है कि इस हिस्से में भी सड़क बनकर तैयार हो जाए ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। इसको लेकर तेजी से काम शुरू करने की तैयारी है ताकि जल्द लोगों को राहत मिल सके।

## पार्षद के पत्र के बाद ट्रैफिक सिग्नल शुरू होने की उम्मीद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। रेसीडेंसी क्षेत्र के यातायात पार्क में लंबे समय से बंद ट्रैफिक सिग्नल को शुरू करने को लेकर क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल द्वारा लगातार प्रयास के बाद अब यातायात विभाग और निगम अधिकारियों को पत्र लिखकर क्षेत्र के एकमात्र ट्रैफिक पार्क में सालों से बंद ट्रैफिक सिग्नल सुधार कर नए लगाने और चालू करने की मांग को लेकर पत्राचार किया है। जिससे यातयात पार्क में रोज घूमने आने वाले बच्चे और युवाओं को एक बार फिर से उम्मीद जगी है। इस बार लोगों को लग रहा है कि लंबे समय से बंद ट्रैफिक सिग्नल अब शुरू होंगे।

गौरतलब है कि क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल द्वारा लगातार यातायात पार्क में सुधार कार्य के अंतर्गत विभिन्न कार्य करवाए जा रहे हैं। बंद लाइटिंग शुरू कराने से लेकर सौंदर्य करण के लिए आकर्षक ब्लॉक लगवाए गए। सुबह शाम घूमने आने वालों के लिए नया एक्यूप्रेशर टाइल्स वाला वाकिंग ट्रेक बनवाया गया। टूटी बेंचों की जगह नई बेंच लगवाई गई। वहीं अब पार्क के भीतर की सड़क बनवाने के साथ लंबे समय से बंद ट्रैफिक सिग्नल शुरू करने को लेकर भी प्रयास करते हुए यातायात विभाग के अधिकारियों के साथ निगम अधिकारियों को भी पत्र लिखकर जल्द ट्रैफिक सिग्नल शुरू करने की मांग की गई है जिससे क्षेत्र के रहवासियों को उम्मीद है कि जल्द पार्षद के प्रयासों से लंबे समय से बंद ट्रैफिक सिग्नल एक बार फिर शुरू हो जाएंगे जिससे क्षेत्र के बच्चे यहां बगीचे में खेलने के साथ ट्रैफिक के नियमों का पालन भी सीखेंगे।



# लवकुश विहार में सेक्टर ए और एम से लेकर एफ तक 70 लाख खर्चकर होगा सड़क निर्माण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा दो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 से जुड़े लवकुश विहार क्षेत्र में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़कों की बजाय अब क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और और निगम अधिकारियों के प्रयास से आने वाले दिनों में क्षेत्र में करीब 70 लाख रुपए की लागत से सेक्टर ए और एम के साथ सेक्टर एफ की विभिन्न गलियों में भी रहवासियों की मांग पर लंबे समय के बाद बड़ी राहत देने के लिए नई सड़क निर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा। जिसके लिए क्षेत्रीय विधायक और अन्य जन प्रतिनिधियों के प्रयास से निगम द्वारा क्षेत्र के बड़े हिस्से में सड़क निर्माण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

**कीचड़ और गंदगी से मिलेगी निजात,बिगड़े हालात में दिखेगा सुधार-**खास बात यह की लंबे समय से ड्रेनेज और नर्मदा लाइन डालने के कारण बार - बार की खुदाई से बिगड़ी सड़क की हालत में अब सुधार के लिए निगम दो हिस्सों में 55 लाख और 15 लाख के आसपास खर्चकर टेंडर प्रक्रिया के बाद जल्द अगले माह में बारी - बारी से लवकुश विहार के सेक्टर ए से लेकर एम और सेक्टर एफ की विभिन्न गलियों में जल्द सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य शुरू करेगा। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेंगी।





# 6 माह से ज्यादा समय से पुलिया निर्माण का कार्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 46 से जुड़ी पंचम की फेल बस्ती को मेंन रोड से जोड़ने वाली लाखों रुपए की लागत से बन रही पुलिया का काम पिछले 6 माह से भी ज्यादा समय से चल रहा है उसके बावजूद अभी तक काम अधूरा पड़ा है। हालत यह है कि लंबे समय से धीमी रफ्तार से चल रहे काम को लेकर अब क्षेत्र के रहवासियों के सब्र का बांध टूटने लगा है। यही नहीं क्षेत्र के रहवासियों ने इसको लेकर निगम के जिम्मेदार अफसरों को लेकर नाराजगी भी जाहिर की है। क्षेत्र लोगों का कहना है कि अधूरी पुलिया का काम लंबे समय से चल रहा है, बावजूद अब तक काम की धीमी रफ्तार और बीच में कई बार काम बंद होने से अब तक इस पुलिया का काम पूरा नहीं हो पाया। जबकि अब तक तो यह बन रही पुलिया का निर्माण कार्य पूरा भी हो जाना था। अभी पंचम की फेल बस्ती के रहवासी परिवारों को बाहर आने-जाने के लिए टेकरी की ओर से करीब आधा किमी दूर घूमकर लम्बा चक्कर लगाना पड़ रहा है। हालांकि लोगों का कहना है कि अभी भले ही परेशानी हो रही हो लेकिन पुलिया का काम पूरा हो जाने के बाद फिर लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही इससे लोगों के समय और पेट्रोल की भी बचत होगी। क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से अधूरी पुलिया बारिश पहले बन जाए तो क्षेत्र के लगभग 500 से ज्यादा परिवारों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही भविष्य में आने-जाने के लिए यह पुलिया बेहद सुविधाजनक और फायदेमंद साबित होगी। जबकि अभी यहां का काम पिछले साल में लंबे समय से चलने के बाद भी पूरा नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

## संपादकीय

# नीट विवाद से बढ़ी टकराव की राजनीति, जवाबदेही के सवालों पर क्यों नहीं हो रही बात?

लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है और आंदोलनकारियों की बात सुनना तथा उनसे संवाद करना सरकार का लोकतांत्रिक दायित्व है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के मुद्दे पर शुरू हुआ आंदोलन सोमवार को जिस रूप में पहुंच गया, उससे बचने के लिए अगर सिर्फ बातचीत का रास्ता अख्तियार किया गया होता, तो शायद यह नौबत नहीं आती। दरअसल, काकरोच जनता पार्टी ने सरकार से तीन मुख्य मांगों के साथ 'चलो संसद' का आह्वान किया था। वहां बड़ी संख्या में जमा हुए युवाओं को रोकने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे, बल प्रयोग किया, जिसमें कई युवाओं के घायल होने की खबर आई। इस रुख ने एक बार फिर देश की लोकतांत्रिक परंपरा और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर चोट ही पहुंचाई है। संभव है कि इस तरह की सख्ती के जरिए आंदोलनकारियों की आवाज को फिलहाल शांत कर दिया जाए, लेकिन क्या इससे वे सवाल खत्म हो जाएंगे, जिन्हें लेकर युवाओं के सामने सड़क पर उतरने की नौबत आई? अगर सरकार की मंशा आंदोलनकारियों के मुद्दों को हंगामे के शोर में दफन करना नहीं है, तो क्या इसके लिए वक्त पर संवाद की पहल नहीं की जानी चाहिए थी? इससे पहले शनिवार को इसी मुद्दे पर भूख हड़ताल कर रहे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से पुलिस जिस तरीके से उठाकर ले गई थी, उस पर भी सवाल उठे थे। मगर उसके बाद भी सरकार ने अपनी ओर से आंदोलनकारी युवाओं की मांगों पर विचार करना या उन पर बातचीत करना जरूरी नहीं समझा। 'चलो संसद' के आह्वान के बाद एक तरह से पहले से ही सब कुछ बिल्कुल स्पष्ट था कि सोमवार को जंतर-मंतर पर होने वाला प्रदर्शन ज्यादा जटिल स्वरूप भी अख्तियार कर सकता है। सरकार ने उन्हें रोकने के लिए जिस शिद्दत से पुलिस बल को खुला छोड़ दिया, जो निर्देश दिए, क्या उतनी ही संजीदगी से आंदोलनकारी युवाओं से बातचीत के जरिए मसले का हल निकालने की कोशिश नहीं की जा सकती थी? हालांकि हंगामे के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से काकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधियों की मुलाकात हुई और उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित एक पत्र उन्हें सौंपा, मगर यह समझना मुश्किल है कि आखिर सरकार ने किन वजहों से इस संदर्भ में शुरू से ही उदासीनता और उपेक्षा का रुख अपनाए रखा। गौरतलब है कि आंदोलनकारियों की ओर से मुख्य रूप से तीन मांगें की जा रही हैं। इसमें सोनम वांगचुक को अस्पताल से छुट्टी देने और उन पर कोई कार्रवाई न करने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा या उन्हें बर्खास्त करने तथा नीट 2026 प्रश्नपत्र लीक होने के बाद आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग शामिल है। ये ऐसी मांगें हैं, जिन पर संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टि के साथ विचार करना एक लोकतांत्रिक सरकार के लिए जिम्मेदारी का भी मामला होना चाहिए। विडंबना यह है कि जब शांतिपूर्ण आंदोलन का दायरा फैलने लगा और उसके सवाल तूल पकड़ने लगे, तब भी सरकार को इस समूचे मुद्दे पर परिपक्व प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं लगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है और आंदोलनकारियों की बात सुनना तथा उनसे संवाद करना सरकार का लोकतांत्रिक दायित्व है। इसके बजाय आंदोलनकारी युवाओं के खिलाफ सख्ती का रास्ता चुना गया। सरकार खुद शैक्षिक सुधार के दावे करती नहीं थकती, मगर विचित्र है कि शिक्षा में जवाबदेही का मुद्दा उसके लिए गैर-महत्त्वपूर्ण हो जाता है!

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 141400 | 142444 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 219800 | 221156 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# बेटमा में देवर ने भाभी से किया दुष्कर्म

## शिकायत पर दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने ही देवर पर घर में अकेली पाकर जबरदस्ती दुष्कर्म करने और विरोध करने पर पति व उसे जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं दूसरी ओर, गौतमपुरा क्षेत्र में लगातार पीछा करने और अश्लील इशारे कर परेशान करने वाले सिरफिरे युवक के खिलाफ युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। दोनों ही मामलों में संबंधित थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर फरार आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी है।

बेटमा थाना पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने ससुराल में देवर और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहती है। वारदात के वक्त उसका पति किसी सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर देवर ने उसे घर में अकेला पाया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जब पीड़िता ने इसका कड़ा विरोध किया और पुलिस में जाने की बात कही, तो आरोपी देवर ने उसे और उसके पति को जान से खत्म करने की धमकी दी। घटना से बुरी तरह घबराई महिला ने पति के लौटने पर परिजनों को पूरी बात बताई और थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं, दूसरे मामले में गौतमपुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने जुनैद उर्फ छोटू पिता मुबारिक खान के खिलाफ पीछा करने और छेड़छाड़ की नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी जुनैद पिछले काफी समय से लगातार उसका पीछा कर रहा था और रास्ते में उसे देखकर अश्लील इशारे करता था तथा फब्तियां कसते हुए गाने गाकर परेशान करता था। युवती द्वारा बार-बार मना करने और विरोध जताने के बावजूद जब आरोपी की हरकतों में कोई सुधार नहीं आया, तो तंग आकर उसने परिजनों के साथ थाने पहुँचकर पुलिस की शरण ली।

## सिम बंद होने के डर और रिवॉर्ड प्वाइंट के लालच में 2.64 लाख की साइबर ठगी

**इन्दौर।** शहर में साइबर ठगों का जाल लगातार फैलता जा रहा है और वे नए-नए पैंतरे अपनाकर आम जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका डाल रहे हैं। ताजा मामलों में ठगों ने एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को मोबाइल सिम बंद होने का खौफ दिखाया, वहीं एक अन्य युवक को एसबीआई क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट और ईएमआई का लालच देकर कुल 2 लाख 64 हजार रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ितों की शिकायत पर कनाड़िया और किशनगंज थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कनाड़िया पुलिस के अनुसार, जी-9 काउंटी वॉक कॉलोनी के रहने वाले प्रमोद कुमार शर्मा को एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को टेलीकॉम कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि उनकी मोबाइल सिम की मियाद खत्म हो रही है और वह जल्द ही बंद हो जाएगी। सिम चालू रखने के बहाने जालसाज ने बुजुर्ग को अपनी बातों में उलझाया और प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर उनसे बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारियां हासिल कर लीं। कुछ ही पलों बाद उनके खाते से 1 लाख 99 हजार रुपये कटने का मैसेज आया, जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। वहीं, दूसरा मामला किशनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हरसोला का है, जहाँ के निवासी रवि बारोड को शातिर ठग ने खुद को एसबीआई क्रेडिट कार्ड कंपनी का कर्मचारी बताकर कॉल किया। उसने रवि से कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड से एक ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हुआ है, जिसे वे आसान ईएमआई में बदलवा सकते हैं। जब रवि ने ऐसा कोई भी ट्रांजेक्शन करने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी ने चालाकी दिखाते हुए कहा कि उनकी राशि किसी निजी कंपनी के खाते में चली गई है। इसके बाद उसने क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट्स पर भारी डिस्काउंट दिलाने का झांसा देकर बैंकिंग जानकारी ले ली और खाते से 65 हजार रुपये उड़ा लिए।

## पदोन्नति पर कर्मचारियों ने संभागायुक्त का जताया आभार



**इंदौर।** संभागायुक्त कार्यालय एवं संभाग के अधीनस्थ जिला कार्यालयों में कार्यरत स्टेनोग्राफर वर्ग-3 के कर्मचारियों को स्टेनोग्राफर वर्ग-2 के पद पर स्थानापन्न रूप से पदोन्नत किए जाने के आदेश के बाद कर्मचारियों ने संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े से सौजन्य भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होने संभागायुक्त डॉ. खाड़े का धन्यवाद देते हुए विश्वास दिलाया कि वे नई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं दक्षता के साथ निर्वहन करेंगे।

## नशे से दूरी के लिए बनाई मानव श्रृंखला





**इंदौर।** 60 फीट रोड चौराहा स्थित आरएपीटीसी बाल उद्यान में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत संस्था आरएपीटीसी के सहायक सेनानी रेखासिंह परिहार, निरीक्षक पुरुषोत्तम बारिया, उनि.चंपालाल परिहार, उनि.पिंकी सिसोदिया ने नशे से दूरी के लिए जागरुकता अभियान चलाया और नुक्कड नाटक का आयोजन भी किया। वहीं मानव श्रृंखला भी बनाई गई। इसके अलावा उद्धव बाला साहब ठाकरे शिवसेना और एक उमंग नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र की ओर से नारकोटिक्स विभाग को ज्ञापन दिया गया जिसमें नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

## स्कूल एवं कालेज बसों के परिचालन के लिए बैठक



**इन्दौर।** स्कूल एवं कालेज की बसों के सुरक्षित संचालन के लिए स्कूल बस के ट्रांसपोर्ट अधिकारियों के साथ यातायात पुलिस ने रानीसराय सभागार में बैठक का आयोजन किया। बैठक में स्कूल बसों में जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया। वहीं बसों की गति सीमा 40 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई।

## 'पितृ छाया सेवा' का शुभारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गुरव समाज कल्याण संघ मध्यप्रदेश की सेवा परियोजना 'पितृ छाया सेवा' का शुभारंभ इंदौर उत्तर क्षेत्र पंचायत के लिए अर्चना नगर वीरेन्द्र सेवाडिक के निवास पर शुरू किया गया। गुरव समाजजनों को शोक के समय टेन्ट की सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। उत्तम कुवादे, जितेन्द्र पांजरे, जगदीश जाधम, बसंत कुवादे, मनोज चोलकर, जगदीश काले, कैलाश काले,कैलाश सवनेर, राजेश सवनेर मौजूद थे।

## यूसीसी लागू होने पर मुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था चैतन्य भारत ने राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के संकल्प एवं कैबिनेट में मंजूर हुए प्रस्ताव का स्वागत किया। संस्था के सीताराम व्यास, विष्णु गोयल, स्वदेश राजोरिया, क्रांति पटेल, मनीष बोहरा ने बताया कि संस्था की आवश्यक बैठक की गई जिसमें कैबिनेट में यूसीसी मुद्दे पर स्वीकृति दी गई। जिस दिन नियम बनकर सामने आएगा उस दिन संस्था द्वारा आतिशबाजी कराई जाएगी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नागरिक अभिनंदन भी कराया जाएगा। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि अब डॉ. यादव ने ऐतिहासिक कदम उठाने के संकेत देकर देश के करोड़ों नागरिकों की भावनाओं का सम्मान किया है। इस कानून के लागू होने के दिन संस्था चैतन्य भारत द्वारा शहर में आतिशबाजी और मुख्यमंत्री के प्रथम नगर आगमन पर उनका नागरिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 108 सदस्यीय समिति के गठन का प्रस्ताव है जिसमें शहर के प्रमुख संत-विद्वान, धर्माचार्य, सकल हिन्दू समाज के वरिष्ठजन शामिल होंगे। बैठक में संगठन प्रभारी राजन दुबे एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि वे प्रदेश में चल रहे सभी मदरसों का तत्काल सर्वेक्षण एवं निरीक्षण कराएं।

## 2015 किसानों को पांच रुपए में बिजली कनेक्शन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा किसानों को 5 रुपए में सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। लाइनों के विस्तार की आवश्यकता नहीं होने पर 5 रुपए में किसानों को कनेक्शन दिया जा रहा है। शेष राशि अगले बिजली बिलों में वसूली जाती है। योजना प्रारंभ से अब तक मालवा-निमाड़ में 2015 से ज्यादा किसानों को 5 रुपए में कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

# 8 जिलों में धरती आबा योजना में 292 करोड़ के विकास कार्य

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर संभागायुक्त डॉ.सुदाम खाड़े ने संभागायुक्त कार्यालय में शिक्षा से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विभागों के साथ समीक्षा की। इसमें उन्होंने स्कूल शिक्षा सहित जनजाति कार्य, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा सहित श्रम विभाग अंतर्गत संचालित आवासीय शिक्षा के संबंध में नवीन शिक्षा सत्र में पंजीकृत विद्यार्थियों सहित उन्हें सायकिल वितरण के अलावा इससे जुड़े अहम बिंदुओं पर समीक्षा की। धरती आबा योजनांतर्गत शिक्षा सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति हुई है। शासन द्वारा संभाग के 8 जिलों में जनजाति जनपदों में 292 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत किए है। इसमें 32 कार्य पूर्ण किए गए है। जबकि शेष कार्य प्रगतिरत के साथ ही कार्य आदेश जारी करने, निविदापूर्ण व निविदाएं आमंत्रित करने की स्थिति में है। सबसे अधिक 70 कार्य धार जिले में स्वीकृत होकर 14 कार्य पूर्ण हो चुके है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा 12 नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने है जो सीधे रोजगार से जुड़े है।इन 12 पाठ्यक्रमों में बी.कॉम इन रिटेल ऑपरेशन व लॉजिस्टिक, एचआर ऑपरेशन, इवेंट मैनेजमेंट, डिजिटल मार्केटिंग एंड एडवरटाइजिंग, रियल स्टेट एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट और बी.एससी टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी शामिल है। कौशल विभाग द्वारा बताया गया कि सम्भाग में 9 आईटीआई में 6 ट्रेड भवन तथा 60-60 सीटर के बालक व बालिकाओं के विद्यार्थियों के लिए छात्रावासों का कार्य प्रारंभ हो गया है। जबकि खरगोन के बड़वाह में 30-30 बालक व बालिकाओं के लिए छात्रावास का निर्माण प्रारंभ किया गया हैं। इस तरह 1020 बालक-बालिकाओं की सीट के लिए छात्रावास बनना प्रारंभ हो चुके है। सम्भागायुक्त ने कहा कि नवीन पाठ्यक्रमों की निरंतर निगरानी करते हुए बेहतर गेस्ट फैकल्टी को आमंत्रित करते हुए विजिट एक्सपोजर के लिए भी ले जाने की रूपरेखा बनाए।

## जिलास्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

इंदौर। नेटबॉल स्पोट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में इंदौर जिला नेटबॉल एसोसिएशन के द्वारा पांचवीं सीनियर जिलास्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता, एवं तीसरी सीनियर मिक्सड नेटबाल जिलास्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता अलपाईन एकेडमी राजेद्र नगर इंदौर में खेली जा रही है । इस प्रतियोगिता में 8 स्कूल एवं कालेज ने भाग लिया जिसका शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह बघेल, राकेश शर्मा, श्री शुभम मिश्रा एवं प्रदेश सचिव लक्ष्मण दातीर, इन सभी का स्वागत रिना बघेल, तनिश चौहान, मिहिमा कराहे ने किया।

# आयुष्मान भारत योजना में प्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को 'बेस्ट परफार्मिंग लार्ज स्टेट– हाइयेस्ट प्री-ऑथोराइजेशंस विथ बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन' श्रेणी में राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान योजना के अंतर्गत बायोमेट्रिक आधारित प्री-ऑथराइजेशन प्रक्रिया के प्रभावी, पारदर्शी एवं सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया है। मध्यप्रदेश ने इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के बड़े राज्यों में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, तकनीक आधारित सुशासन और जनहितकारी कार्यों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने उपलब्धि पर बधाई दी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# कुपोषण मुक्त इंदौर के लिए क्रियान्वयन

## लापरवाह दो परियोजना अधिकारियों को शोकॉज नोटिस

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले में कुपोषण की रोकथाम एवं सुपोषण को बढ़ावा देने के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि जिले में राज्य शासन द्वारा संचालित सभी पोषण संबंधी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी एवं परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न रहे।

यदि कहीं भी कुपोषित बच्चे चिन्हित होते हैं तो उनके लिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। ऐसे बच्चों को आवश्यक पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके पोषण स्तर में शीघ्र सुधार लाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। कुपोषण की रोकथाम, आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रदाय किए जा रहे नाश्ता एवं भोजन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा आधार आईडी सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के दो परियोजना अधिकारियों को कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बताया गया कि समग्र सत्यापन एवं आभा आईडी में प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर परियोजना शहरी क्रमांक 7 के परियोजना अधिकारी दिनेश मिश्रा एवं इंदौर ग्रामीण क्रमांक 1 के परियोजना अधिकारी नितिन चौरसिया को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। आंगनवाड़ी केन्द्रों में समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले नाश्ता एवं भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पौष्टिकता सुनिश्चित की जाए।

# पीआईएमआर ने शुरू किया कैपेबिलिटी डेवलपमेंट सेंटर'

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।



प्रेस्टिज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी ने एआई-सक्षम 'प्रेस्टिज कैपेबिलिटी डेवलपमेंट सेंटर की शुरुआत की है। यह पहल पारंपरिक परीक्षा-केंद्रित शिक्षा से आगे बढ़कर क्षमता-आधारित शिक्षण, शोध, नवाचार और उद्योग-अकादमिक सहयोग को शिक्षा व्यवस्था के केंद्र में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसका शुभारंभ दो दिवसीय 'प्रेस्टिज एजुविज़न-2030 : एकेडमिक लीडरशिप एंड ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्क्लेव-2026' के दौरान किया गया। यह सेंटर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से विद्यार्थियों की बौद्धिक, नेतृत्व, उद्यमिता एवं व्यावसायिक क्षमताओं का सतत आकलन और विकास करेगा। व्यक्तिगत फीडबैक, चैलेंज-आधारित शिक्षण, अनुभवात्मक शिक्षा तथा निरंतर क्षमता मूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग की बदलती आवश्यकताओं और भविष्य के कार्यस्थलों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। डॉ. डेविश जैन, डॉ. सत्यम प्रियदर्शी, डॉ. संजीव पाटनी, डॉ. एसएस भाकर, डॉ. हिमांशु जैन, केतन जैन, डॉ. रजनीश जैन, अखिलेश गांधी, डॉ. मनीष दवे, प्रो. मिलिंद पडालकर, डॉ. अनिल बाजपेयी, डॉ. एस. रमन अय्यर तथा डॉ. दीपक जारोलिया सहित अन्य ने मौजूद रहकर अपनी भूमिका निभाई।

# कोली समाज का विस्तार होगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कोली समाज अब प्रदेश के सभी जिलों में तहसील और पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार करेगा। यह निर्णय कोली समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक में लिया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कश्यप की मंशानुसार अब प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया के निर्देशन में कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली ने प्रदेश के सभी जिलों के तहसील और पंचायत स्तर तक संगठन विस्तार को लेकर कार्य योजना शुरू कर दी है। सबसे पहले इंदौर-उज्जैन संभाग के 15 जिलों के समाज अध्यक्षों को पत्र जारी कर दिया गया है और समाजसेवियों के नाम भी प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह भी कहा गया कि संगठन का उद्देश्य केवल पदाधिकारियों की नियुक्ति करना नहीं बल्कि संगठन को नीचे तक मजबूत करना ही महत्वपूर्ण कार्य है। प्रदेश के 27 जिलों में संगठन की इकाइयां सक्रिय रूप से काम कर रही है।

# आयुष चिकित्सकों ने ए आई टूल की बारीकियों को जाना



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ई-दक्ष केंद्र कलेक्टर कार्यालय में कर्मयोगी कर्त्तव्य कार्यक्रम एवं ए आई टूल्स कार्यशाला आयोजित की गई, उक्त कार्यशाला में प्रथम दिवस आयुष विभाग के चिकित्साधिकारियों ने भाग लिया, कार्यालय में वर्क एनवायरनमेंट, स्वयं की क्षमताओं को पहचानना जैसे मुद्दों पर प्रतिभागियों ने कार्यशाला के माध्यम से एक दूसरे से अपने विचार शेयर करें। अतुल कुमार पाण्डेय, जाग्रति चौहान प्रशिक्षक द्वारा कार्यशाला संचालित की गई। डॉ. हंसा बारिया, डॉ. जितेन्द्र भालसे, डॉ. कमलेश पाटील, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. पुष्पा गोथवाल, डॉ. नेहा भाना, डॉ. रागिनी शिवहरे, डॉ. अनिता खलखो, रीना प्रजापत एवं 23 चिकित्साधिकारी, सीएमओ, पैरामेडिकल उपस्थित थे।

# महाकाल कावड़ यात्रा निकलेगी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जयश्री महाकाल कावड यात्रा संघ लाबरिया भेरू धार रोड के अध्यक्ष महेश ओटकर, यात्रा प्रभारी सुनील पाल ने बताया कि कावड यात्रा संघ के बैनरतले कावड यात्रा 8 अगस्त शनिवार को सुबह 9 बजे लाबरिया भेरू मंदिर से निकाली जाएगी। कावड यात्री पवित्र जल कावड में लेकर महाकाल बाबा मंदिर उज्जैन पहुंचकर शिवलिंग पर पवित्र जल अर्पण करेंगे। आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन भी किया गया। यह तय किया कि पहले दिन कावड यात्रा का विश्राम सावेर में होगा। कावड यात्री रात्रि विश्राम के बाद 9 अगस्त को महाकाल मंदिर उज्जैन पहुंचेंगे और 10 अगस्त को सुबह महाकाल बाबा का जलाभिषेक शुद्ध जल से किया जाएगा। यात्रा को लेकर समितियों का गठन भी किया गया है, प्रभारी भी बनाए गए है। कावड यात्रा के लिए पंजीयन भी शुरू हो चुके है। महेश ओटकर, सुनील पाल, भारत रघुवंशी, सत्यनारायण मोदी, मोहन चौहान, अशोक सोनी काका, दीपक पाल, मुकेश पाल, विजय थलोरे, मुकेश बड़के, फखरुद्दीन अली, अंकित देवडा, कादर, चेतन पाल, नरेश पाल, संजय राजोरे सहित अन्य मौजूद थे।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1.श्री दर्शन पिता दामोदर पटेल 2. श्रीमती स्वाति पति दर्शन पटेल** द्वारा झोन 16 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर पिन नं. 1001262435 पता 375 हाईलिंक रेसीडेंसी ग्राम छोटा बांगड़दा इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **विक्रेता पूर्व का नाम-कल्याण नवनिर्माण लिमिटेड ( क्रेता/वर्तमान नाम-श्री सर्वजीतसिंह ठाकुर पिता धर्मनाथसिंह ठाकुर )** द्वारा झोन क्र. 17 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर सर्विस क्र.1001296236 पता-भूखण्ड क्रमांक 102 कल्याण सम्पत आर्चिड इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14 जुलाई से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र. 17 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्र. 17**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# स्पेन की ऐतिहासिक फीफा विश्व कप जीत पर रात भर मना देशभर में जश्न

## विक्ट्री परेड में उमड़ा जन सैलाब

**मैड्रिड ।** स्पेन की 2026 विश्व कप फाइनल में ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए हजारों स्पेनिश फुटबॉल प्रशंसक मैड्रिड और उसके आसपास की सड़कों पर उमड़ पड़े।

स्पेन की प्रतिष्ठित लाल जर्सी पहने, राष्ट्रीय रंगों से रंगे चेहरों और विशाल झंडों को गर्व से लहराते हुए हजारों ला रोजा समर्थक मैड्रिड के केंद्र में उमड़ पड़े, क्योंकि वे देश के बहुप्रतीक्षित दूसरे फीफा विश्व कप स्टार का जश्न मना रहे थे।

मैड्रिड की सड़कें लाल और पीले रंग के जीवंत सागर में तब्दील हो गईं, क्योंकि हजारों उत्साहित प्रशंसकों ने रात भर गाते, नारे लगाते और जयकारे लगाते हुए स्पेन की बहुप्रतीक्षित दूसरी फीफा विश्व कप जीत का जश्न मनाया।

अपनी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए, स्पेन ने रिवर्स ऑफ द वर्ल्ड नामक एक सार्वजनिक विजय समारोह की घोषणा की, जो 20 जुलाई को



मैड्रिड के सिबेल्स कम्युनिकेशंस पैलेस में आयोजित हुआ ।

स्पेन ने न्यूयॉर्क न्यू जर्सी स्टेडियम में अतिरिक्त समय में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर अपना दूसरा फीफा विश्व कप खिताब जीता, और 2010 की ऐतिहासिक जीत के बाद अपने दूसरे विश्व खिताब के लिए 16 साल के इंतजार को समाप्त किया।

स्थानापन्न खिलाड़ी फेरान टोरेस स्पेन के हीरो बनकर उभरे, जिन्होंने पेड्रो पोरो के क्रॉस और निको विलियम्स के असिस्ट के बाद पेनल्टी क्षेत्र के अंदर एक ढीली गेंद पर सबसे तेजी से प्रतिक्रिया करते हुए 106वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। ला रोजा ने फाइनल में शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा, 68 प्रतिशत गेंद पर कब्जा जमाए रखा और 20 शॉट लगाए, जिनमें से 11 लक्ष्य पर थे, जबकि अर्जेंटीना को केवल चार प्रयासों तक सीमित रखा। (एएनआई)

### न्यूज इन बॉक्स

## नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में विधि को कांस्य पदक



**इंदौर ।** मध्य प्रदेश योगा एसोसिएशन द्वारा डब्ल्यूवायएसएफ इंडिया योग स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वाधान में 10 से 12 जुलाई तक मंदसौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित 11वीं नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मेडतवाल पब्लिक स्कूल की विधि चौहान ने मध्य प्रदेश राज्य योग स्पोर्ट्स टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सब जूनियर आयु वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया । इस सफलता पर डायरेक्टर डॉ.अनिल गुप्ता, प्राचार्य श्रीमती प्रीति गुप्ता, प्रशिक्षक ईश्वर सिंह चौहान एवं समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

## अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस का भव्य आयोजन



**इंदौर ।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर एक प्रयास, ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन एवं बाल मित्र शतरंज चौपाल टीम के संयुक्त तत्वावधान में मध्य भारत के प्रथम चेस पार्क शतरंज चौपाल में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉ. सुनील सोमानी द्वारा बच्चों के साथ खेला गया सिमल्टेनियस चेस एग्ज़िबिशन रहा, जिसमें बच्चों को एक अनुभवी खिलाड़ी के साथ शतरंज खेलने और उनसे सीखने का अनूठा अवसर मिला। शतरंज के प्रति बच्चों के उत्साह और समर्पण को प्रोत्साहित करने हेतु 40 बच्चों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनोज दुबे, तेज सिंह राठौर, एमपी वूमेन चेस चैप्टर, पीहुषी शर्मा एवं पवन जोशी को शतरंज के प्रचार-प्रसार तथा मध्य भारत के प्रथम चेस पार्क शतरंज चौपाल के सफल संचालन में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# कुलदीप को इंग्लैंड सीरीज में क्यों नहीं खिलाया, गिल ने बताया कारण

**लंदन ।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज में कुलदीप यादव को एक भी मैच नहीं खिलाया गया। आखिरी मुकाबले में जब जसप्रीत बुमराह चोट के कारण मुकाबला नहीं खेल रहे थे ऐसे वक्त में मौका था कि आक्रामक स्पिनर कुलदीप यादव को प्लेइंग 11 हिस्सा बनाया जाए। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ और भारतीय टीम ने इस सीरीज के तीनों मुकाबलों में चाइनामैन गेंदबाज को नजरअंदाज किया। टी-20 सीरीज में वे पहले ही शामिल नहीं किए गए थे। इंग्लैंड सीरीज में कुलदीप यादव के नजरअंदाज किए जाने या ना खिलाए जाने का कारण अब खुद कप्तान शुभमन गिल ने बताया है। उन्होंने कहा है कि पिचें स्पिनरों के लिए अनुकूल नहीं थीं और इसी वजह से जब स्पिनर गेंदबाजी कर रहे थे तो भारत को रक्षात्मक रुख अपनाना पड़ा। इसी कारण इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए सीरीज के निर्णायक मैच में कुलदीप यादव को नहीं खिलाया गया।



रविवार को खेले गए तीसरे और आखिरी वनडे मैच में पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण ने अंत में 387 रन लुटा दिए, जिसमें से 90 रन अकेले आखिरी छह ओवरों में आए। पूरी सीरीज में मध्य ओवरों में विकेट लेने का कोई कारगर विकल्प न होने के कारण, भारत को लॉर्ड्स में काफी मशक्कत करनी पड़ी जहां वे केवल तीन विकेट ही ले सके। कुलदीप को टीम में शामिल न करने का कारण पूछे जाने पर गिल ने कहा- इससे पहले खेले गए मैचों में हमने देखा कि विकेट स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं कर रहे थे। जब भी स्पिनर गेंदबाजी करने आते थे, हमें रक्षात्मक रुख अपनाना पड़ता था, जबकि तेज गेंदबाज गेंदबाजी करते समय कुछ न कुछ असर जरूर होता था। यही वजह थी कि हमने अतिरिक्त स्पिनर को टीम में नहीं लिया। लेकिन गिल ने यह स्वीकार किया कि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, पिच धीमी होती गई। उन्होंने कहा- तेज गेंदबाजों के साथ आप स्वाभाविक रूप से दबाव बनाना चाहते हैं और मौके बनते देखना चाहते हैं। शायद बाद में विकेट को देखकर मुझे लगता है कि यह थोड़ी धीमी हो गई थी।

## हार्दिक, अथर्व, सुजय, दिव्यन को बढ़त

**इंदौर ।** यूनाइट इंदौर चेस क्लब एवं श्री वैष्णव स्पोर्ट्स एकेडमी इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में श्री क्लॉथ मार्केट वैष्णव हायर सेकंडरी स्कूल के सभागृह में आयोजित की जा रही 10 वर्ष, 15 वर्ष एवं 20 वर्ष आयु वर्गों की द्वितीय इंटरनेशनल चेस डे ट्रॉफी राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, भोपाल एवं धार आदि जिलों के 280 खिलाड़ी जिसमें जिसमें 2 एएफएम, 1 एजीएम एवं 1 एसीएम टाइटल खिलाड़ी, 58 रेटेड तो 75 बालिका शामिल है। चार राउंड की समाप्ति तक 20 वर्ष आयु वर्ग में हार्दिक सिंघल, अथर्व दशोरा और सुजय जैन, 15 वर्ष आयु वर्ग में दिव्यन पापड़ीवाल, रुद्रादित्य सिंह सिसोदिया, कविन कपूर एवं नकुल चंद्रावत तो 10 वर्ष आयु वर्ग में आदर्श सिंह ठाकुर, जयवर्धन खंडेलवाल, क्षितिज सिंह गौड़, अयान केजरीवाल, हरेराम गंगेले एवं खिलाडी सेजश्री चौबे ने लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए 4 अंक के साथ प्रथम स्थान पर संयुक्त बढ़त बना ली है।

## लवनीश को कराटे में मिला ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ड्रेगन मार्शल आर्ट्स एकेडमी द्वारा पब्लिक स्कूल में आयोजित कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में लवनीश खन्ना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने इंडियन रेनबूकान कराट डू एसोसिएशन के मास्टर सईद आलम ने लवनीश को ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डान का प्रमाण पत्र और बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया। विकास शर्मा, मनीष आर्य, शादाब अहमद, और गोविंद जोशी सहित अन्य ने बधाई दी।

## विक्रम स्पोर्ट्स क्लब विजेता

**इंदौर।** श्री महाराणा प्रताप कबड्डी अकेडमी द्वारा संतोष गौर एवं एम आई सी सदस्य के जन्मदिन के अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शहर की नामी 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच विक्रम स्पोर्ट्स औ? महाराणा प्रताप अकेडमी के मध्य खेला गया जिसमे विक्रम स्पोर्ट्स 31 अंको से विजयी रहा । सेमीफइनल मै विक्रम स्पोर्ट्स ने एक तरफ़ा मुकाबले मै संस्था वैष्णवी को 25 अंको से हराकर फाइनल मै प्रवेश किया। विक्रम स्पोर्ट्स के सौरभ ठाकुर सर्वश्रेष्ठ खिलाडी एवं कृष्णा गीते सर्वश्रेष्ठ कैचर रहे।

# इंदौर में सजेगा 9वीं राष्ट्रीय एमएमए चैंपियनशिप का महाकुंभ

**इंदौर।** इंदौर में 9वीं राष्ट्रीय एमएमए (मिक्स मार्शल आर्ट्स) चैंपियनशिप का भव्य आयोजन होने जा रहा है। मध्य प्रदेश की खेल राजधानी इंदौर एक बार फिर ऐतिहासिक खेल आयोजन की साक्षी बनने जा रही है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह तोमर एवं सचिव भागीरथ राठौर ने संयुक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से जॉर्जिया वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण एवं बाल सुरक्षा की थीम पर आयोजित इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 24 से 26 जुलाई तक देशभर के दिग्गज फाइटर्स अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



विशेष आकर्षण के रूप में 26 जुलाई को भव्य अंतरराष्ट्रीय फाइट नाइट का आयोजन होगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के साथ प्रसिद्ध संगीतकार साजिद वाजिद खान की विशेष प्रस्तुति भी होगी, जिससे आयोजन का रोमांच और भी बढ़ जाएगा।

इस आयोजन में बॉलीवुड जगत की कई नामचीन हस्तियों का भी जमावड़ा रहेगा। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर, अभिनेता रजत बेदी एवं विक्की काजला प्रसिद्ध हरियाणवी गायक कलाकार अपनी विशेष उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। इसके अलावा अमेरिका से प्रसिद्ध उद्योगपति प्रणव देसाई एवं जूही देसाई भी इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह चैंपियनशिप केवल एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि भारतीय खिलाड़ियों के लिए वैश्विक मंच तक पहुँचने का सुनहरा अवसर भी है। यह आयोजन मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप महिला सशक्तिकरण एवं बाल सुरक्षा के मुख्य उद्देश्य पर केंद्रित है। मिक्स मार्शल आर्ट्स के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाकर उनमें आत्मविश्वास का संचार करना तथा उन्हें समाज में निर्भीक एवं आत्मनिर्भर बनाना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। आयोजन समिति में संतोष चोपड़ा, गोपाल मारवाल, बृज किशोर मुद्गल, विकास शर्मा, दीपक नागर, पुष्पेन्द्र शर्मा एवं पीयूष मिश्रा सक्रिय रूप से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और आयोजन की व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# बिजली कंपनी के इंजीनियर ने कल ही किया था ढाई करोड़ के प्लॉट का सौदा

## 8 दिन पहले ही मिला था प्रमोशन, सुबह 6 बजे पहुंची लोकायुक्त की टीम



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लोकायुक्त पुलिस इंदौर की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री शिवराम सेमिल के इंदौर, पीथमपुर, धार और मुरैना स्थित 9 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा है। अपने 33 वर्षों के सेवाकाल के दौरान अधीक्षण यंत्री द्वारा अपनी वैध आय की तुलना में आय से 258 प्रतिशत अधिक अवैध संपत्ति अर्जित करने का खुलासा हुआ है। लोकायुक्त की इस अचानक हुई कार्रवाई से बिजली विभाग और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

लोकायुक्त पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि अधीक्षण यंत्री शिवराम सेमिल निवासी सी-44, सिलिकॉन सिटी निधिवन कॉलोनी ने अपने पद का दुरुपयोग कर अकूत संपत्ति जुटाई है। जांच के आधार पर लोकायुक्त की अलग-अलग टीमों ने मंगलवार तड़के एक साथ आरोपी के इंदौर में 4, पीथमपुर में 2, उज्जैनी (धार) में 2 और मुरैना में 1 ठिकाने पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान सामने आया कि आरोपी अधीक्षण यंत्री को अपने पूरे सेवाकाल में लगभग 2 करोड़ रुपये का नेट वेतन मिला है, जबकि उनके और उनके परिजनों के नाम पर 6.50 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश व अचल संपत्तियों का पता चला है। जीवन-यापन व्यय को मिलाकर कुल खर्च 7 करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक आंका गया है।

लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक सेमिल ने कल ही एक ढाई करोड़ रुपए के प्लॉट का सौदा किया था। इसके अलावा मुरैना में एक कृषि भूमि, एक प्लॉट के अलावा इंदौर की ओमेक्स सिटी में एक प्लॉट भी खरीदा है। सेमिल के दामाद सुनील भी बिजली कंपनी में ही कार्यरत हैं, उनके एवं उनके पिता के नाम से भी ट्रांसफार्मर बनाने की और रिपेयरिंग करने की फैक्ट्री है। खास बात यह है कि करीब एक हफ्ते पहले सेमिल का प्रमोशन हुआ है।



आय से 258 प्रतिशत अधिक निकली चल-अचल संपत्ति

छापेमारी के दौरान आरोपी का सिलिकॉन सिटी में 1.20 करोड़ रुपये का तीनमंजिला मकान मिला है। इसके अलावा आरोपी ने अपने पुत्र शुभम के नाम पर पीथमपुर में 1.25 करोड़ की ट्रांसफार्मर बनाने की 'शुभम इलेक्ट्रिकल' फैक्ट्री, पुत्रवधु के नाम पर पीथमपुर में 1 करोड़ की दो अन्य फैक्ट्रियां, दामाद व पुत्री के नाम पर उज्जैनी (धार) में 1.50 करोड़ की 'एस.एस. इलेक्ट्रिकल्स' और 'कृष्णा पावर' नाम से प्लॉट व फैक्ट्रियां खोल रखी थीं। रिश्तेदारों के नाम पर भी उज्जैनी में 'ए-वन इलेक्ट्रिकल' नाम से करोड़ों रुपये की फैक्ट्री पाई गई है।

इतना ही नहीं, आरोपी ने फैक्ट्रियों के कॉर्पोरेट कार्यालयों के लिए सिलिकॉन सिटी में 60 लाख का भवन, अंजनी नगर व देवास नाका में कार्यालय, ओमेक्स सिटी में 20 लाख का प्लॉट, 15 लाख रुपये की महिंद्रा इलेक्ट्रिक कार और मुरैना में 50 लाख रुपये का दोमंजिला मकान भी बना रखा था। लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान, आनंद चौहान, दिनेश पटेल, दीपक शेजवार और निरीक्षकों की टीमों द्वारा इंदौर व धार में सर्चिंग जारी है, जबकि ग्वालियर लोकायुक्त की टीम मुरैना स्थित मकान पर कार्वाई कर रही है। आरोपी शिवराम सेमिल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### दोपहर में खुलेगा लॉकर

लोकायुक्त टीम को सर्च के दौरान जानकारी मिली कि विद्युत कंपनी में अतिरिक्त चीफ इंजीनियर सेमिल का उनके निवास के समीप ही एक बैंक में लॉकर भी है। बैंक खुलने के बाद दोपहर में इस लॉकर की भी जांच की जाएगी। आशंका जताई जा रही है कि इस लॉकर में जेवरात और नकदी मिलेंगे।

### नप सकते हैं ठेके देने वाले

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार सेमिल को एमपीईबी से ट्रांसफार्मर सुधारने के ठेके भी मिलते थे। वहीं नए ट्रांसफार्मर भी इनकी विभिन्न फैक्ट्रियों में बनते थे। आगामी जांच में स्पष्ट होगा कि कैसे और कौन इन्हें ठेके देता था। क्या टेंडर विधिवत होते थे या सेटिंग से काम किया जा रहा था।

# डेरे से 15 बकरियां और 10 भेड़ें चोरी; राजस्थान के पशुपालक की शिकायत पर केस दर्ज

### रात में सोए पशुपालक की सुबह खुली नींद तो गायब मिले मवेशी

**इन्दौर।** हीरा नगर थाना क्षेत्र के लवकुश चौराहे के पास खेत में डेरा डालकर रह रहे एक पशुपालक के डेरे से अज्ञात चोर रात के अंधेरे में 15 बकरियां और 10 भेड़ें चुराकर ले गए। घटना का खुलासा सुबह उस वक्त हुआ जब पशुपालक नींद से जागा और डेरे में मवेशी गायब पाए। पीड़ित ने परिजनों के साथ मिलकर आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन पशुओं का कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद थाने पहुँचकर मामला दर्ज कराया गया। हीरा नगर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी गिरधारीलाल देवासी मूल निवासी ग्राम गिरवर, जिला पाली, राजस्थान इन दिनों लवकुश चौराहे के पास अपने मवेशियों के साथ डेरा डालकर रह रहे हैं। गिरधारीलाल ने बताया कि 16 जुलाई की रात करीब दो बजे जब वे जागे थे, तब सभी बकरियां और भेड़ें डेरे में ही मौजूद थीं। इसके बाद वे सो गए, लेकिन सुबह करीब छह बजे उठने पर देखा तो डेरे से 15 बकरियां और 10 भेड़ें गायब थीं।

# डीएवीवी तक्षशिला परिसर में सेंधमारी

## *आईटी सेंटर से 9 बैटरियां और हॉस्टल से वॉटर कूलर-आरओ चोरी*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में बेखौफ बदमाशों द्वारा चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर विश्वविद्यालय के आईटी सेंटर में लगे यूपीएस सिस्टम की 9 कीमती बैटरियां और जवाहरलाल नेहरू बालक छात्रावास में छात्रों के लिए लगा 400 लीटर क्षमता का वॉटर कूलर व उससे जुड़ा आरओ सिस्टम उखाड़कर ले गए। घटना का पता चलते ही कैंपस में हड़कंप मच गया। भंवरकुआं थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, आईटी सेंटर प्रभारी रवींद्र शर्मा ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 18 जुलाई की सुबह करीब 10 बजे ड्यूटी के दौरान सुरक्षा गार्ड ने उन्हें चोरी की सूचना दी थी। मौके पर पहुँचकर जांच की गई तो आईटी सेंटर की विद्युत बैकअप प्रणाली से जुड़ी नौ बैटरियां गायब थीं, वहीं हॉस्टल परिसर में लगा भारी-भरकम वॉटर कूलर और आरओ प्लांट भी अपनी जगह से नदारद था।



# डम्पर और कार के बीच टक्कर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पितृ पर्वत और बुडानिया के बीच हातोद रोड पर डम्पर और कार के बीच टक्कर हो गई। जो जानकारी मिली उसके मुताबिक कार तेज गति से थी, जिसका चालक दवा व्यापारी का बेटा बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लेना शुरू कर दिया। कार ज्यादा क्षतिग्रस्त हुई है।



# विहिप नेता ने विवाद के बाद लगाया आरोप

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विहिप के वरिष्ठ तन्नू शर्मा ने आरोप लगाया कि लोहावाला गेट गली नं. 4 चंदननगर क्षेत्र में शिवांग यादव उम्र 19 साल को पीटा गया। वह अपनी दोस्त को छोड़ने चंदननगर गया था। शर्मा ने कहा कि हैदरी दल के लोगों ने घेरकर भगवा लव ट्रेप का नाम देकर शिवांग यादव को पीटा। शिवांग ने इसकी जानकारी तन्नू शर्मा को दी थी। तन्नू शर्मा बजरंगी सेना लेकर थाना चंदननगर पहुंचे और तिलक करोले को सूचना दी। पुलिस के माध्यम से शिवांग यादव को मुक्त कराया। थाना पर तन्नू शर्मा के साथ ईश्वर प्रजापत, तेजसिंह राठौर, मुकेश लोधी मौजूद रहे। हातिम और अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।